जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चूरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 11 अंक : 105 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, सोमवार 04 मई, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162


## भजनलाल शर्मा का पीएम मोदी की तरह वर्किंग स्टाइल : रविवार को छुट्टी के दिन भी दिनभर विकास कार्यों को लेकर करते रहे बैठक

### प्रदेश के औढ समाज ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का किया अभिनंदन, वन विभाग के अधिकारियों के साथ की विशेष बैठक और प्रसिद्ध तीर्थ स्थल गलता जी में पूजा अर्चना कर विकास कार्यों का लिया फीडबैक

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश में शासन की बात और हाथ में लेने के पहले दिन से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वर्किंग स्टाइल से काम करते हुए दिख रहे हैं जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साल में पूरे 365 दिन कार्य करते हैं और बिल्कुल भी अवकाश नहीं लेते ठीक उसी तरह से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी छुट्टी के दिन सरकारी कार्यों में खुद को बिजी रखते हैं और छुट्टी के दिन भी एक ही दिन में कई कार्यो को निपटा देते हैं इसकी झलक रविवार को भी देखने को मिली जब रविवार को सरकारी कार्यालय में अवकाश था लेकिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को पूरे दिन सरकारी कार्यक्रमों में और सामाजिक संगठनों और लोगों से मुलाकात करने में व्यस्त रहे रविवार को प्रदेश के औढ समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचकर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का शानदार तरीके से नागरिक अभिनंदन किया । समाज के लोगों में इस बात की काफी खुशी थी कि पिछले 2 साल में प्रदेश सरकार ने उनके समाज की भलाई और विकास के लिए काफी अच्छा कार्य किया है बजट में भी उनके समाज को अच्छा प्रतिनिधित्व दिया है इसलिए समाज के लोग बड़ी संख्या में रविवार को मुख्यमंत्री आवास पर भजन लाल शर्मा का आभार प्रकट करने और उनका अभिनंदन करने के लिए पहुंचे थे। मुख्यमंत्री शर्मा ने भी अपने आवास पर आए लोगों का मुस्कुराते हुए स्वागत किया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने समाज के लोगों के आने के समाचार सुनकर पहले से ही आवास पर शानदार विशाल भव्य टेंट स्थापित किया था जहां लोगों के बैठने, पीने के पानी और ठंडक की उचित व्यवस्था की गई थी मुख्यमंत्री ने आवास पर आए सभी लोगों का दिल से अभिनंदन किया और कहा कि प्रदेश में जल



संचय के कार्यों में औढ समाज का विशेष योगदान रहा है उन्होंने कहा कि सरकार इस समाज के उत्थान और विकास के लिए लगातार कार्य करती रहेगी उन्होंने कहा कि सरकार समाज के साथ है और समाज की हर समस्या का निस्तारण करने के लिए सरकार अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगी ।

**गलता जी तीर्थ में पत्नी के साथ की पूजा अर्चना और गलता जी के विभिन्न विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों से जानकारी हासिल की :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को अपनी धर्मपत्नी के साथ प्रसिद्ध तीर्थ स्थल गलताजी पहुंचे जहां पर उन्होंने अपनी पत्नी के साथ पूजा अर्चना की और प्रदेश के लोगों की खुशहाली और प्रदेश के विकास की प्रार्थना की, मुख्यमंत्री शर्मा ने गलताजी तीर्थ परिसर पर हो रहे विभिन्न तरह के करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का जायजा लिया उन्होंने विभिन्न तरह के विकास कार्य जो जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर नगर निगम, राजस्थान आवासन मंडल, सार्वजनिक निर्माण विभाग इत्यादि विभागों से संबंधित थे उन सभी विकास प्रोजेक्ट की क्रियान्वयन के बारे में संबंधित विभाग के अधिकारियों से आवश्यक फीडबैक लिया और कहा कि जितने भी विकास कार्य और निर्माण कार्य यहां संचालित हो रहे हैं उन्हें निर्धारित अवधि में पूरा किया जाए इसके लिए गलताजी तीर्थ परिसर में साफ सफाई की उचित व्यवस्था, गलता जी के कुंड की साफ सफाई व्यवस्था के अलावा यहां पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, यहां आने वाले भक्तों के लिए सभी तरह की आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित करना, गौशाला और गायों की उचित देखभाल और संरक्षण, बंदर इत्यादि वन्यजीवों के संरक्षण के अलावा यहां आने वाले भक्तों को वन्य जीव किसी भी तरह से नुकसान नहीं पहुंचाए इसके लिए भी सुरक्षा के मौके पर उचित प्रबंध करना तथा बरसात के दिनों में यहां जल भराव की स्थिति उत्पन्न नहीं हो इसके लिए पहले से ही समुचित व्यवस्था और प्रबंध करना इन सब बातों को लेकर मुख्यमंत्री शर्मा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ सामूहिक चर्चा की और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए, गलता जी तीर्थ परिसर में जिला कलेक्टर को प्रशासक के रूप में नियुक्त किया गया है और यहां मंदिर की देखभाल पूजा अर्चना और सुरक्षा व्यवस्था सभी कार्य जिला प्रशासन की देखरेख में ही हो रहा है गलताजी तीर्थ से जुड़ी करीब 60 संपत्तियों को जिला प्रशासन की ओर से चिन्हित कर लिया गया है जिनमें 40 संपत्तियों को प्रशासन ने अपने अधीन भी कर लिया है और बाकी 20 संपत्तियों को जिला प्रशासन की ओर से अधिग्रहण करने की कार्रवाई जारी है जानकारी के अनुसार गलताजी तीर्थ परिसर में 11.68 करोड रुपए के विकास कार्य विभिन्न विभागों और विभिन्न एजेंसियों की ओर से संपादित किया जा रहे हैं यहां करोड़ों रुपए के विकास कार्य जारी हैं जिनके बारे में मुख्यमंत्री शर्मा ने मौके पर जाकर भी विकास कार्यों निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया है और अधिकारियों को निर्धारित अवधि में सभी तरह का कार्य पूरा करने के निर्देश भी दिए हैं जानकारी के अनुसार वर्ष 2024 सितंबर माह से ही गलताजी तीर्थ परिसर में कोर्ट के निर्देश के अनुसार जिला प्रशासन की ओर से पूजा अर्चना और मंदिर से जुड़ी सभी तरह की व्यवस्थाओं की देखरेख की जा रही है ।

### मुख्यमंत्री ने वन विभाग के अधिकारियों के साथ भी आयोजित की मीटिंग और लिया फीडबैक

रविवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वन विभाग के अधिकारियों के साथ भी लंबी मैराथन बैठक आयोजित की बैठक में प्रदेश में उदयपुर, सिरोही इत्यादि जिलों में चंदन वन लगाने की योजना पर जल्दी से जल्दी कार्य शुरू करने के निर्देश मुख्यमंत्री की ओर से दिए गए हैं इसके अलावा मानसून सीजन से पहले प्रदेश भर में ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण के लिए विस्तृत कार्यक्रम पहले से ही तैयार करने के बारे में अधिकारियों से कहा कि इसके लिए रेलवे, राष्ट्रीय राजमार्ग, सार्वजनिक निर्माण विभाग इत्यादि सभी संस्थाओं और विभागों के साथ समन्वय और सामंजस्य बिठाते हुए पहले से ही उन जगहों को चिन्हित कर लिया जाए । जहां पर वृक्ष लगाने हैं ताकि मानसून के दौरान वृक्ष लगाने में ज्यादा आसानी रहेगी और ज्यादा भाग दौड़ नहीं रहेगी उन्होंने बैठक में मौजूद वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को शाबाशी देते हुए कहा कि पिछले सवा दो साल में वन विभाग का वृक्षारोपण कार्यक्रम को लेकर जो परफॉर्मेंस रहा वह काफी शानदार रहा लेकिन इस तरह का परफॉर्मेंस लगातार जारी रहना चाहिए और सरकार की ओर से नए पेड़ लगाने के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किया हुआ है उस लक्ष्य को पिछले दो सालों की तरह आने वाले सालों में भी हासिल करना है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बैठक में वन्य भूमि पर होने वाले अतिक्रमण और खनन की शिकायतों पर भी प्रभावी रूप से कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं, बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने साफ कहा कि पेड़ लगाने के बाद जब तक पेड़ बड़े नहीं हो जाते तब तक उनकी रखवाली, पानी और सुरक्षा सभी तरह की जिम्मेदारी वन विभाग को सुनिश्चित करनी होगी मुख्यमंत्री शर्मा ने वृक्षारोपण अभियान में स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, व्यापारिक संगठनों, सरकारी और निजी स्कूल कॉलेज यूनिवर्सिटी इत्यादि सभी के साथ मिलकर प्रभावी रूप से वृक्षारोपण कार्य को संपादित करने के निर्देश भी दिए हैं मुख्यमंत्री शर्मा ने वन विभाग की ओर से अब तक किए गए कार्यों का फीडबैक भी लिया और आने वाले दिनों में वन विभाग की ओर से और क्या-क्या कार्य किया जा रहे हैं इसके बारे में भी जानकारी हासिल की।

## उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने चोमू को करोड़ों रुपए के विकास कार्य की सौगात दी



### रामलाल शर्मा के नेतृत्व में किया गया शानदार स्वागत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का रविवार को जयपुर से खाटू श्याम जी जाने के दौरान चोमू में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 52 पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के नेतृत्व में लोगों ने जोरदार स्वागत किया दिया कुमारी ने हाड़ोता टकराड़ा बाईपास के लिए 72 करोड रुपए के निर्माण कार्यों की घोषणा की इसके अलावा जैतपुर से जयसिंहपुर बाईपास के लिए भी 130 करोड रुपए के निर्माण की घोषणा दिया कुमारी की ओर से की गई उन्होंने कहा कि इस योजना पर भी जल्दी ही कार्य शुरू हो रहा है पत्रकारों से बातचीत के दौरान दिया कुमारी ने कहा कि प्रदेश की भजनलाल सरकार बजट घोषणाओं और भाजपा के संकल्प पत्र के प्रत्येक वादे को पूरा कर रही है और पिछले सवा दो साल में प्रदेश में हर क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास कार्य हुए हैं उन्होंने कहा कि चोमू विधानसभा क्षेत्र में भी विकास कार्यों को लेकर यहां के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा काफी सक्रिय रहते हैं और यह जो विकास घोषणाएं हुई हैं इनमें भी रामलाल शर्मा के प्रयास काफी रहे हैं जानकारी के अनुसार दिया कुमारी के जयपुर से खाटू श्याम जी जाने के कार्यक्रम को देखते हुए पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने दिया कुमारी का अभिनंदन करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 52 पर पहले से ही शानदार तैयारी की हुई थी दिया कुमारी के पहुंचने पर यहां मौजूद रामलाल शर्मा और उनके समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया दिया कुमारी ने भी यहां मौजूद पार्टीजनों और लोगों को विश्वास दिलाया कि चोमू विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न तरह के विकास कार्यों में सरकार की ओर से कोई कमी बाकी नहीं छोड़ी जाएगी उन्होंने पूर्व विधायक रामलाल शर्मा की जमकर तारीफ की और कहा कि रामलाल शर्मा खुद अपने क्षेत्र के लिए हमेशा एक्टिव रहते हैं और लगातार अपने क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए सरकार के सभी मंत्रियों और मुख्यमंत्री से मुलाकात करते रहते हैं ।

## भीषण गर्मी में सौम्या झा के रात्रि चौपाल से लोगों को मिल रही ठंडक

### टोंक के बाद अब दौसा में अपने नवाचार और नवीन प्रयोगों के जलवे बिखेर रही,भीषण गर्मी के दौर में दफ्तर में बैठने के बजाय फील्ड में जिला प्रशासन का संभाले हुए हैं मोर्चा,शहरी और ग्रामीण लोगों से निरंतर मुलाकात कर समस्याओं के समाधान के कर रही सतत प्रयास



जयपुर टाइम्स


**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के टोंक जिले में अपने नवाचार और नवीन प्रयोगों के माध्यम से प्रदेश और देश भर में मशहूर हो चुकी **भारतिय** प्रशासनिक सेवा की राजस्थान कैडर की अधिकारी सौम्या झा टोंक के बाद अब दोसा जिले में अपने नवाचार और नवीन प्रयोगों के जलवे बिखेर रही हैं, हालांकि इन्हें अभी दोसा जिले में कलेक्टर पद की जिम्मेदारी हाथ में लिए करीब एक महीना ही हुआ है लेकिन इतनी कम अवधि में ही इस तेजतर्रार और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता में माहिर इस महिला अधिकारी ने दौसा जिला प्रशासन को जो नई दिशा और गति दी है उसकी चर्चा स्थानीय लोगों में तो है ही इसके अलावा स्थानीय राजनेता, व्यापार जगत से जुड़े लोग और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों में भी इनकी वर्किंग स्टाइल और अच्छे व्यवहार की खूब चर्चा सुनने को मिल रही है बड़ी बात यह है कि प्रदेश में इस समय भीषण गर्मी का दौर जारी है दौसा में भी तापमान काफी हाई रहता है लेकिन इस भीषण गर्मी की परवाह किए बिना मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भजन और संकल्प को साकार करने के लिए यह दबंग युवा महिला अधिकारी अपने एयर कंडीशनर दफ्तर की बजाज फील्ड में ज्यादा नजर आ रही है और शहरी और ग्रामीण लोगों से निरंतर मुलाकात करके उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अथक प्रयास भी कर रही हैं इसी का परिणाम है कि सामाजिक, जातिवाद, राजनीतिक और भौगोलिक चुनौतियो से परिपूर्ण दोसा जैसे संवेदनशील जिले के लोगों के दिलों में अपना एक अलग मुकाम बना लिया है दोसा के लोगों को भी यह उम्मीद जगी है कि टोंक में कलेक्टर रहने के दौरान इन्होंने शिक्षा, चिकित्सा, सुदृढ़ ग्राम पंचायत और खुशहाल किसान इत्यादि सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करके के लोगों के जीवन को खुशहाल बनाने में बड़ी भूमिका निभाई वैसा ही करिश्माई प्रदर्शन इनका दोसा जिले में भी होगा अब देखने वाली बात यह है कि दोसा कलेक्टर के रूप में इस कर्मठ महिला अधिकारी के कार्यकाल में कौन-कौन सी उपलब्धियां इनके अकाउंट में दर्ज हो पाती हैं फिलहाल पिछले करीब 1 महीने के कार्यकाल के कामकाजों का मोटा आकलन करें तो निश्चित रूप से सौम्या झा अपने चिर परिचित अंदाज में कार्य करते हुए नजर आ रही है जिससे एक तरफ दोसा जिला प्रशासन पहले की तुलना में ज्यादा एक्टिव हुआ है तो दूसरी तरफ सौम्या झा के लगातार हो रहे जनसुनवाई कार्यक्रमों से जिले के लोगों की समस्याओं का भी त्वरित गति से निस्तारण हो रहा है ।

### भीषण गर्मी में रात्रि चौपाल और जनसुनवाई कार्यक्रमों से जिले के लोगों में लगातार हो रही लोकप्रिय

जिले में कलेक्टर पद की जिम्मेदारी हाथ में लेने के बाद से ही सौम्या झा लगातार अपने जनसुनवाई कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों में पॉपुलर होती जा रही है जिला स्तर पर जनसुनवाई कार्यक्रम को संपादित करने के अलावा सौम्या झा दूर दराज के जिलों के गांव में बाकायदा रात्रि चौपाल का आयोजन करके ग्रामीणों के साथ सामूहिक संवाद करके उनकी समस्याओं का तो निस्तारण तो करती हुई नजर आ ही रही है इसके अलावा ग्राम पंचायत के तहत होने वाले कार्यों का भी फीडबैक लेती हैं केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी लोगों से आवश्यक फीडबैक लेती हैं योजनाओं का फायदा उन्हें मिल रहा है या नहीं या फिर उनके सामने क्या-क्या समस्याएं आ रही है इन सब विषयों को लेकर ग्रामीणों के साथ कई कई घंटे तक सामूहिक संवाद करके इलाके की समस्याओं को भी जानने का प्रयास करती हैं और फिर जानकर उन्हें संबंधित विभाग के बड़े अधिकारियों और सरकार तक भी पहुंचा रही है ताकि लोगों को ज्यादा से ज्यादा राहत मिल सके, सौम्या झा का यह व्यवहार और कार्य शैली यह सोचने के लिए भी मजबूर कर देती है कि भीषण गर्मी में महिला होने के बावजूद भी जिस तरह से गांव-गांव और शहर शहर जाकर लोगों से तपती धूप में मुलाकात कर रही हैं इनकी यह प्रवृत्ति यह दिखा रही है कि यह महिला अधिकारी अपनी ड्यूटी और कर्तव्य को लेकर कितनी सजग और गंभीर है ।

### रात्रि चौपाल और जनसुनवाई में किन-किन समस्याओं का हो रहा समाधान

सौम्या झा अपने निरंतर जनसुनवाई और ग्रामीण इलाकों में अपने रात्रि चौपाल के कार्यक्रम में एक ही जाजम पर ग्रामीणों के साथ बैठकर उनसे बिल्कुल सहज, सरल और मधुर व्यवहार में बातचीत करती हैं हालांकि सौम्या झा काफी कड़क मिजाज वाली अधिकारी मानी जाती है लेकिन भोले भाले ग्रामीण लोगों से बातचीत के दौरान इनका एक अलग ही रूप देखने को मिलता है और बिल्कुल साधारण और सरल लहजे में ग्रामीणों से बातचीत करती है तो ग्रामीणों को भी इनका व्यवहार काफी अच्छा लगता है और वह खुलकर अपनी समस्याएं इन्हें बताते भी हैं अब तक जो जनसुनवाई और ग्रामीण चौपाल का आयोजन हुआ है उनमें ज्यादातर भूमि नामांतरण, सीमा ज्ञान, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि, मुख्यमंत्री किसान सम्मन निधि, अतिक्रमण, रास्ता विवाद, खाद्य सुरक्षा, राशन कार्ड संबंधी समस्या, पेंशन संबंधी समस्या, पेयजल, कृषि कनेक्शन, बिजली कनेक्शन, चिकित्सा, रोड लाइट सुरक्षा जैसी समस्याओं का जिक्र लोगों ने किया है जिनके समाधान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ जिला प्रशासन निरंतर संपर्क बनाए रखना है ताकि लोगों की समस्याओं का समाधान हो सके जहां तक हो सके सौम्या झा आधारभूत सुविधाओं वाले प्रमुख विभागों के अधिकारियों को अपने साथ ही जनसुनवाई के कार्यक्रमों में लेकर जाती हैं और मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देती हैं ।

## गहलोत के जन्मदिन पर खैरथल में जनसेवा की मिसाल, गौशाला में सवामणी व शीतल जल वितरण



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्मदिन के अवसर पर खैरथल-तिजारा क्षेत्र में जनसेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमारी सांगवान के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खैरथल की गौशाला में सवामणी कर गौसेवा की। कार्यक्रम के तहत हरसौली एवं खैरथल में आमजन को शीतल जल व जूस वितरित कर सेवा कार्य किए गए। इस दौरान डॉ. सांगवान ने कहा कि जनसेवा और गौसेवा सबसे बड़ा धर्म है तथा गहलोत की सोच भी सदैव पशु-पक्षियों के लिए जल व्यवस्था और जरूरतमंदों की सहायता करने की रहती है। उन्होंने बताया कि अपने कार्यकाल में गहलोत ने जनहित में अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू कीं। इस अवसर पर हरसौली ब्लॉक अध्यक्ष दीपक चौधरी, शैतान सिंह, रमेश पार्षद, महिला कार्यकर्ता रेशम, सुशीला देवी, पूनम देवी, कमला, मीनू जाट, बंटी शर्मा, अनिल रोहिला, वीर सिंह (पूर्व सरपंच), बस्ती राम नंबरदार, राजेंद्र जाट सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ग्राम पहाड़ी में इंटरलॉकिंग टाइल्स का उद्घाटन, विकास कार्यों को मिली गति

### ग्रामीण विकास सर्वोच्च प्राथमिकता - यादव



जयपुर टाइम्स

**बहरोड़(निसं.)।** पंचायत समिति बहरोड़ के ग्राम पहाड़ी में शिवालय के सामने 2 लाख 20 हजार की लागत से निर्मित इंटरलॉकिंग टाइल्स का उद्घाटन रविवार को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधि बहरोड़ बस्तीराम यादव ने फीता काटकर कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है और पंचायत क्षेत्र में लगातार आधारभूत सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच जगदीश रावत ने की, जबकि संचालन कृष्ण गुर्जर द्वारा किया गया। गांव में कार्यक्रम को लेकर उत्साह का माहौल रहा। ग्रामीणों ने गाजे-बाजे के साथ मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में पार्षद राजेंद्र प्रसाद, रोहतास मेघवाल, सरपंच रामवतार गुर्जर, लालाराम तंवर, भूप सिंह मास्टर, जोहरी गुर्जर, छाजू राम गुर्जर, अभय सिंह मास्टर, रोहतास गुर्जर, रामशरण मुनीम, कृष्ण पहलवान, बनवारी डेलीगेट, सुनील यादव, चेतराम शर्मा, रामकुमार, दाताराम पीटीआई, मुकेश सेठ, राकेश गुप्ता, पवन शर्मा, केदार गुप्ता, अशोक गुर्जर सहित सैकड़ों ग्रामीण, महिलाएं एवं युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्षता कर रहे सरपंच जगदीश रावत ने प्रधान द्वारा गांव में करीब 25 लाख के विकास कार्य करवाने पर आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## विधानसभा अध्यक्ष ने निर्माणाधीन कोटड़ा सैटेलाइट चिकित्सालय के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



जयपुर

**(निसं.)**विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को अजमेर जिले के कोटड़ा में निर्माणाधीन 50 बेड के बहुमंजिला सैटेलाइट चिकित्सालय का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्य को निर्धारित समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह चिकित्सालय क्षेत्र के आमजन को दीर्घकाल तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अत्यंत महत्वपूर्ण है। निरीक्षण के दौरान देवनानी ने भवन निर्माण में उपयोग हो रहे सीमेंट, सरिया सहित अन्य सामग्री की गुणवत्ता की गहन समीक्षा की तथा निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को ठेकेदार के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने को कहा। जो साप्ताहिक एवं मासिक आधार पर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। साथ ही उन्होंने कार्य में तेजी लाने के लिए अतिरिक्त श्रमिक लगाने तथा लक्ष्य निर्धारित कर समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करने को निर्देशित किया। विधानसभा अध्यक्ष ने निर्माण कार्य की पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए तृतीय पक्ष सत्यापन को अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने परिसर की बाउंड्री निर्माण, समुचित आधारभूत संरचना एवं विभिन्न इकाइयों के कनेक्टिविटी पर भी विचार करने को कहा। इसके अतिरिक्त उन्होंने परिसर के निकट प्रस्तावित मदर लैब के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए। भविष्य में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हो सकेंगी।

# भारत विकास परिषद् अलवर द्वारा किया गया गौ सवामनी एवं परिंडा वितरण कार्यक्रम

### लाफ्टर योगा करता है तनाव को दूर और बनाता है बेहतर रक्त परिसंचरण -गिरीश गुप्ता





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भारत विकास परिषद् अलवर शाखा द्वारा रविवार को सुबह कम्पनी बाग़ में लाफ्टर योगा एवं तद्पश्चात बुद्ध विहार स्थित सरकारी कांजी हाउस गौ शाला में गौ सवामनी एवं परिंडा वितरण का आयोजन किया गया। संस्था शाखा अध्यक्ष गिरीश गुप्ता ने बताया कि भारत विकास परिषद् अलवर द्वारा कार्यक्रम सुबह 6 बजे से ही प्रारम्भ कर दिए गए थे विश्व लाफ्टर दिवस के उपलक्ष में कम्पनी बाग़ में आयोजित लाफ्टर योगा में तकरीबन 150 से अधिक लोगों ने भाग लिया लाफ्टर क्लब के संस्थापक एवं परिषद् परिवार के नए सदस्य डॉ. एस. सी. मित्तल ने लाफ्टर योगा करवाया। जिससे सभी सदस्य हँस-हँसकर लोटपोट हो गए। सभी का कुमकुम तिलक लगाकर स्वागत किया गया सभी के लिए अंकुरित भोजन, नींबू की शिकंजी का इंतजाम किया गया। परिषद् द्वारा तय कार्यक्रमों में भारत विकास परिषद् अलवर के पर्यावरण संयोजक रामबाबू गुप्ता एवं संस्कार प्रकल्प संयोजक राधारमण सोनी के सानिध्य में सम्पन्न किए गए। उन्होंने बताया कि गौ सवामनी का आयोजन बुद्ध विहार स्थित (कांजी हाउस) नंदीगौशाला में गौ सवामनी का आयोजन किया गया। जिसमे नंदी गौ शाला में उपस्थित गाय-बैलो को गुड एवं हरा चारा, सब्जियों में बैंगन, भिण्डी, खीरा, हरा पालक इत्यादि खाने को दिया गया। वैश्य समाज बुद्ध विहार, विजय नगर के अध्यक्ष सतीश गुप्ता ने सबको बधाई देते हुए निवेदन किया कि नियमित रूप से सभी लोग गौ के प्रति आस्था रखे। परिंडे वितरण में 21 लोगो को मिट्टी के परिंडे वितरित करके नियमित पानी भरवाने का संकल्प लिया गया तथा गौ स्वामनी एवं परिंडे वितरण के पश्चात् अल्पाहार की व्यवस्था की गई।

कार्यक्रम में जिला समन्वयक राधे श्याम, उमाशंकर गुप्ता, सचिव अशोक कुमार गुप्ता, ट्रस्ट कोषाध्यक्ष दिलीप गोयल, हेमेंद्र अग्रवाल, अशोक मित्तल खोरबसई वाले, नीना सोनी, प्रहलाद अग्रवाल, राम चन्द्र अग्रवाल, डॉ एस सी मित्तल, अल्का मित्तल, प्रहलाद अग्रवाल (तहसील वाले), रूपेश गुप्ता, कविता गुप्ता, मिट्ठन लाल गुप्ता, शकुन गुप्ता, अरावली शाखा अध्यक्ष सीताराम गुप्ता, सतीश गुप्ता, सत्यनारायण अग्रवाल , विजय सॉल्वेक्स के रामप्रकाश महावर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। परिषद की तरफ से आयोजित गौ सवामनी में 1100 रुपए का सहयोग नए सदस्य मिट्ठन लाल गुप्ता - शकुन गुप्ता द्वारा दिया गया।

## 'प्रेरणा दिवस' के रूप में मनाया गया पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का 75वां जन्मदिवस

### सैनी महासभा द्वारा 51 परिंडे लगाकर जल सेवा, हवन-यज्ञ व प्रतिभा सम्मान के साथ जनसेवा का संकल्प



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अलवर जिला सैनी महासभा के तत्वावधान में रविवार को राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का 75वां जन्मदिवस 'प्रेरणा दिवस' के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पूर्णमल सैनी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10 बजे केंद्रीय बस स्टैंड, मत्स्य नगर कार्यालय एवं मनसा माता मंदिर क्षेत्र में पशु-पक्षियों के लिए 51 परिंडे लगाकर जल सेवा से की गई। दाना-पानी की नियमित व्यवस्था की जिम्मेदारी घनश्याम सैनी एवं सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य लक्ष्मण सिंह सैनी को सौंपी गई। इसके पश्चात काल भैरव मंदिर परिसर में पूर्व मुख्यमंत्री के दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना के लिए हवन-यज्ञ आयोजित किया गया, जिसमें उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूर्णाहुति दी। कार्यक्रम के अंत में बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय की परीक्षा में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में प्रदेश स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खोहरा मोहल्ला निवासी राहुल सैनी को स्मृति चिन्ह एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने गहलोत के जीवन से प्रेरणा लेकर जनसेवा, महिला शिक्षा को बढ़ावा देने एवं सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव अशोक सैनी, पूर्व नगर परिषद चेयरमैन योगेश सैनी, महंत भगवान दास महाराज, प्रताप सैनी, कमलेश सैनी, खन्ना सैनी, घनश्याम सैनी, लक्ष्मण सिंह सैनी, रामरतन सैनी, सुरेश चंद सैनी, इंजी. ललिता प्रसाद सैनी, मुन्नालाल सैनी, रोशनलाल सैनी, पंकज सैनी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी, महिलाएं एवं युवा उपस्थित रहे। यह जानकारी जितेंद्र खुराडिया, युवा जिला अध्यक्ष एवं प्रवक्ता, अलवर जिला सैनी महासभा ने दी।

## इंदिरा गांधी स्टेडियम में बरसे मुक्केबाज, जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता संपन्न



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** इंदिरा गांधी स्टेडियम में अलवर बॉक्सिंग संघ के तत्वावधान में जिला स्तरीय सब-जूनियर एवं जूनियर बालक-बालिका वर्ग की बॉक्सिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता संघ के अध्यक्ष दिनेश भार्गव एवं सचिव देवेंद्र सिंह रावत के निर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व हिंदू महासंघ के जिला महामंत्री यश भार्गव एवं रूबी भार्गव रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना और अनुशासन को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। प्रतियोगिता में सब-जूनियर बालक वर्ग में अमरजीत सिंह, युवराज कुमावत, ध्रुव सैनी, ध्रुव फागना, दिव्यांशु योगी, ओजस्वी व्यास, दिवेश, अर्श खान, शौर्य प्रताप सिंह, श्रीश माथुर, मोहम्मद अजीज एवं सज्जाद खान विजेता रहे। वहीं बालिका वर्ग में भूमिका, तनवी चंदरुल, तसलीमा, लेखनी अवस्थी, दीपिका सैनी, अवनी, निशु एवं आयुषी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की। जूनियर वर्ग में बालक वर्ग से हिमांशु पटवाल, दक्ष यादव, गौरव, कुशाग्र कुमावत, अमन महिवाल, पर्व साहिवाल, सुभांष नरूका एवं जतिन कुमार विजेता रहे। बालिका वर्ग में सुमन सैनी, हुशिका व्यास, अनुशिका एवं प्रभनूर कौर ने जीत दर्ज की। इस अवसर पर जिला बॉक्सिंग संघ की ओर से भूपेंद्र सिंह राठौड़, विनीत जुनेजा, महावीर राजोरिया, साधना शर्मा एवं विकास शर्मा उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में मोहन सिंह नरूका, राजेंद्र सिंह चौहान, अजीत यादव, विनोद सैनी, कीर्ति भटनागर, मोनिका वशिष्ठ, हुकुम सिंह गौड़, मनीष सैनी, साक्षी सैनी, अजय गुर्जर एवं निशा यादव शामिल रहे। वहीं बॉक्सिंग कोच एवं खेल प्रेमियों में गिरीश शर्मा, दीपक प्रजापत एवं नितेश ईकडाया की विशेष उपस्थिति रही। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दमखम दिखाया, जिससे पूरे स्टेडियम में उत्साह और खेल भावना का माहौल बना रहा। आयोजकों ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जार का जिला स्तरीय पत्रकार सम्मान समारोह सम्पन्न, 'कलम के सिपाही' स्मारिका का विमोचन

### 21 पत्रकारों का सम्मान, मेधावी विद्यार्थियों व उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को भी किया गया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान ( जार) की अलवर इकाई की ओर से छठा ज़िला स्तरीय पत्रकार सम्मान समारोह एवं स्मारिका कलम के सिपाही का विमोचन मोती डूंगरी स्थित पुलिस अन्वेषण मैरिज गार्डन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रशिक्षु आईपीएस कार्तिकेय वर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रियंका रघुवंशी, रेणु बिज्जू (माथुर) सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी मनोज मेहरा, वरिष्ठ इतिहासकार हरि शंकर गोयल, पृथ्वी सिंह नरूका रहे। कार्यक्रम में दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार सुनील बिज्जू की स्मृति में ज़िले के 21 पत्रकार जिसमें राकेश असंक, सुरेश शर्मा, राजेश मुंडी, अवधेश सिंह, लक्ष्मी नारायण लक्ष्य, मनोज गुप्ता, अमित भारद्वाज, राकेश खंडेलवाल, राजेश सैनी, राहुल जोशी, विपिन मेंहदीरत्ता, धर्मेन्द्र सेन, सुजीत कुमार, अशोक भारद्वाज, प्रदीप गोयल, पीयूष पाठक, डॉ संदीप यादव, अनिल अग्रवाल, चंदू आचार्य, अर्चना जैन, शम्मी सेतिया को सम्मानित किया गया। बोर्ड परीक्षा परिणाम 2026 में 90' से अधिक अंक प्राप्त करने वाले पत्रकारों के बच्चों को पुरस्कार के रूप में हाथ घड़ी भेंट की गई। ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज संजय शर्मा एवं निशा लखानी को उनके द्वारा शहर में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। अतिथियों का स्वागत जार जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र चौहान, संरक्षक महिपाल सिंह शेखावत, पत्रकार राकेश असंक, राजेश मुंडी, अवधेश सिंह नरूका एवं मंच का संचालन रेखा महलावत ने किया।

## प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण लेकर आया जीवन में नया सवेरा

### महेश चंद जांगिड व मगनी देवी का कच्चे छप्पर से पक्की घर का हुआ सपना साकार




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में संचालित ग्राम रथ अभियान जब रैणी तहसील की ग्राम पंचायत सालोली एवं जामडोली पहुंचा तो वहां सरकारी योजनाओं के धरातलीय प्रभाव की एक बेहद सशक्त और प्रेरणादायक तस्वीर सामने आई। इस दौरान महेश चंद जांगिड एवं मगनी देवी ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत कच्चे छप्पर से पक्के आवास निर्माण होने के अनुभव साझा किए।

### पीएम आवास योजना ग्रामीण से आया जीवन में बदलाव

महेश चंद जांगिड एवं मगनी देवी ने अपने पक्के आवास के अनुभव साझा करते हुए बताया कि पिछले कई वर्षों से उनका परिवार कच्चे घर में निवास कर रहा था। इस कारण सर्दी, गर्मी व बरसात में परिवार के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पडता था। आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण घर को पक्का कराने में बहुत परेशानी आ रही थी। पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत घर को पक्का कराने की स्वीकृति मिली, जिसमें सरकार और स्थानीय प्रशासन ने बहुत सहयोग किया, जिससे उनके पक्के आवास का सपना पूरा हुआ। उन्होंने बताया कि अब हमारे पास न केवल रहने के लिए एक सुरक्षित स्थान है, बल्कि बारिश के दिनों में आने वाली परेशानी का वह डर भी खत्म हो गया है। अब उनका परिवार बरसात के मौसम में भी बिना किसी चिंता के चेन की नींद सो पाते हैं। उन्होंने पक्के आवास व शौचालय निर्माण होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया।

#### यातायात पुलिस की बड़ी कार्यवाही

## मॉडिफाइड साइलेंसर वाली 9 पावर बाइक्स सहित 19 मोटरसाइकिल जब्त

### नियमों की अवहेलना पर 337 चालान, बिना हेलमेट, तीन सवारी व मोबाइल उपयोग पर सख्ती




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** शहर में यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ अलवर यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की। इस दौरान मॉडिफाइड साइलेंसर लगी पावर बाइक्स सहित कुल 19 मोटरसाइकिलों को जब्त किया गया। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ प्रियंका एवं सीओ यातायात जितेन्द्र सिंह के निर्देशन में की गई। यातायात शाखा प्रभारी उपनिरीक्षक संजय शर्मा के नेतृत्व में टीम ने शहर के विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान ऐसी 9 मोटरसाइकिलें जब्त की गईं, जिनमें मॉडिफाइड साइलेंसर लगे थे और वे पटाखों जैसी आवाज कर रही थीं। इसके अलावा नियमों के विपरीत नंबर प्लेट लगाने वाले वाहनों पर भी कार्रवाई की गई। अन्य यातायात उल्लंघनों में 10 मोटरसाइकिलें अलग-अलग धाराओं में जब्त की गईं। अभियान के दौरान पुलिस ने तीन सवारी बैठाने, बिना हेलमेट वाहन चलाने, मोबाइल फोन का उपयोग करने तथा सीट बेल्ट नहीं लगाने जैसे मामलों में कुल 337 चालान किए।

### पुलिस की अपील:

यातायात पुलिस ने आमजन से अपील की है कि–
वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें। सीट बेल्ट का उपयोग करें। दोपहिया पर दो से अधिक सवारी न बैठाएं। लाल बत्ती का उल्लंघन न करें। रॉन्ग साइड में वाहन न चलाएं। ड्राइविंग के दौरान मोबाइल का प्रयोग न करें। तेज गति से वाहन न चलाएं। सुरक्षित यातायात, सुरक्षित जीवन – नियमों का पालन करें।

## मीरका गांव में एलईडी मोबाइल वैन के माध्यम से योजनाओं का प्रचार-प्रसार

### ग्राम रथ अभियान से योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य




जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के तहत किशनगढ़ बास विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मीरका में रविवार को एलईडी मोबाइल वैन पहुंची। वैन के गांव में पहुंचते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हुए और योजनाओं से संबंधित जानकारी को ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर पूर्व विधायक किशनगढ़ बास रामहेत यादव ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा उनका अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ग्राम रथ अभियान का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक योजनाओं सहित अन्य योजनाओं का लाभ पहुंचाना है, जिससे ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के नवाचारपूर्ण प्रयासों से क्षेत्र को नई गति मिल रही है। उपखंड अधिकारी मनीष कुमार जाटव ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य सरकारी योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्रों तक प्रभावी रूप से पहुंचाकर पात्र लाभार्थियों को सीधे लाभान्वित करना है। एलईडी मोबाइल वैन व विभिन्न विभाग के अधिकारियों के माध्यम से विभिन्न योजनाओं, विकास कार्यों एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी सरल एवं सहज भाषा में प्रस्तुत की गई, जिससे ग्रामीणों में जागरूकता में वृद्धि हुई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें पूर्व में कई योजनाओं की जानकारी नहीं थी, किंतु इस पहल के माध्यम से अब उन्हें योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयासों से योजनाओं का वास्तविक लाभ अंतिम छोर तक पहुंच सकेगा। कार्यक्रम के समापन पर ग्रामीणों द्वारा एलईडी मोबाइल वैन के कार्मिकों एवं जनप्रतिनिधियों का फूल-मालाओं से स्वागत कर आभार व्यक्त किया गया।

## फर्जी विकास अधिकारी बनकर महिलाओं से वसूली कर रहे जालसाज को ग्रामीणों ने दबोच लिया और जूते चटवाए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** स्वयं को पंचायत समिति का विकास अधिकारी बताकर ग्रामीण महिलाओं से नौकरी और काम दिलाने का झांसा देकर पैसे वसूल कर रहे एक जालसाज व्यक्ति को ग्रामीणों ने मौके पर ही पकड़ लिया और फिर उसकी जोरदार पिटाई भी कर दी तथा ग्रामीणों ने फर्जी विकास अधिकारी से अपने जूते भी चटवाए, हालांकि इस संदर्भ में लिखे जाने तक पुलिस ने किसी भी तरह का कोई मामला दर्ज नहीं हुआ था लेकिन ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत संबंधित पुलिस स्टेशन को जरूर की थी अब इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सोशल मीडिया और न्यूज़ चैनल में ग्रामीणों के फर्जी विकास अधिकारी को जूते चटवाने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस कहीं ना कहीं हरकत में जरूर आ सकती है लेकिन इस मामले से यह बात बिल्कुल साफ हुई है कि चालाक व्यक्ति अब भी कहीं ना कहीं ग्रामीण महिलाओं को अपने जाल में फंसा कर उनके साथ धोखाधड़ी की वारदात कर ही देते हैं यह वारदात बूंदी जिले के झाडोली के कांगड़ी गांव में देखने को मिली है हिंडोली जिले के कांगड़ी गांव के ग्रामीणों का कहना है कि एक व्यक्ति खुद को पंचायत समिति का विकास अधिकारी बता रहा था और वह महिलाओं को नौकरी लगने और काम दिलाने के बहाने पैसे वसूल करने का प्रयास कर रहा था ग्रामीण महिलाएं इस व्यक्ति की बातों में भी आ रही थी लेकिन इसी दौरान कुछ समझदार पढ़े लिखे लोग मौके पर पहुंचे और व्यक्ति की गतिविधियों को देखकर उन्हें संदेह हुआ कुछ लोग पंचायत समिति के विकास अधिकारी को भी जानते थे और विकास अधिकारी का चेहरा भी जानते थे इसलिए उन्हें यह एहसास हुआ की है कोई फर्जी व्यक्ति है इसीलिए ग्रामीणों ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया और उससे कई तरह के सवाल पूछे जिनका वह जवाब नहीं दे पाया इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी जोरदार पिटाई कर दी और फिर अपने जूते भी फर्जी विकास अधिकारी से चटवाए

## दूदू में जेसीबी में बाइक के मारी टक्कर पिता और 6 साल की बेटी की मौत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर के दूदू इलाके में झाग गांव के पास बगरू सड़क मार्ग पर बेकाबू जेसीबी ने बाइक के टक्कर मार दी जिसकी वजह से बाइक पर सवार 6 साल की मासूम बच्ची की मौत के पर ही मौत हो गई इसके अलावा बाइक चला रहा मृतक बच्ची का पिता मौके पर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया इसके अलावा इस हादसे में बाइक पर सवार थी जो गंभीर रूप से घायल हो गई इस महिला का भी उपचार चल रहा बताएं इस हादसे में बाइक चला रहे मुकेश और उसकी 6 साल की बेटी की मौत हुई है इस दर्दनाक सड़क हादसे के बाद मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया है क्षतिग्रस्त बाइक को भी बरामद किया है इसके अलावा जेसीबी के चालक की भी तलाश की जा रही है ।

## चंदवाजी थाना पुलिस ने एक बड़े हथियार तस्कर को दबोचा, भारी मात्रा में हथियार बरामद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश ने अवैध मादक पदार्थ और अवैध हथियारों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कार्यक्रम शुरू किया हुआ है जिसके अच्छे नतीजे भी सामने आ रहे हैं इसी क्रम में चंदवाजी थाना पुलिस ने एक बड़े हथियार तस्कर को अरेस्ट किया है जिसके पास से 16 जिंदा कारतूस चार पिस्तौल 4 मैगजीन इत्यादि बरामद किए गए हैं पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त से उसकी बाइक भी बरामद कर ली है पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ करके यह पता लग रही है कि उसने यह हथियार कहां से खरीदें और इन हथियारों को वह कहां लेकर जा रहा था किन लोगों को सप्लाई करने जा रहा था क्योंकि गिरफ्तार अभियुक्त के पास पुलिस ने भारी मात्रा में हथियार बरामद किया है इसलिए पुलिस को संदेह है कि यह किसी बड़े गिरोह का सदस्य हो सकता है इसलिए पुलिस गिरोह से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त सवाई माधोपुर जिले का रहने वाला है लेकिन चंदवाजी थाना इलाके में जिस तरह से वह बाइक में छुपा कर बड़ी संख्या में हथियार लेकर आया था इसकी वजह क्या है पुलिस इस संदर्भ में गहनता से पूछताछ कर रही है जानकार लोगों का कहना है कि पुलिस कई बार छोटे वाहनों की ज्यादा जांच पड़ताल नहीं करती नाकाबंदी के दौरान भी पुलिस कार और बड़े वाहन की ही ज्यादातर जांच पड़ताल करती है इसलिए हथियार तस्करों ने अब अपने काम को अंजाम देने के लिए बाइक जैसे वाहनों का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं और बाइक एक ऐसा वहां होता है जिसे पुलिस के पीछा करने पर छोटे रास्तों में भी तेजी से भगाया जा सकता है इसलिए आजकल हथियार तस्कर और मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले लोग हाई पावर बाइक्स का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं लेकिन जयपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश के कड़े मार्गदर्शन और निर्देशन से पिछले कुछ महीनो में जयपुर जिले में एक तरफ जहां बड़ी संख्या में मादक पदार्थ बरामद करके मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले लोगों की लगातार गिरफ्तारी की जा रही है तो दूसरी तरफ अवैध हथियार भी बरामद किए जा रहे हैं ।

# राजनीति में भाषा की मर्यादा होना जरूरी, प्रदेश में चुनाव करवाने से डरी हुई है सरकारः पायलट


जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री सचिन पायलट ने किशनगढ़ टोल प्लाजा पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार चुनाव करवाने से काफी डरी हुई है क्योंकि पिछले सवा दो साल में प्रदेश में सिर्फ बयान बाजी के अलावा विकास कार्य कुछ भी नहीं हुआ है इसलिए सरकार जानती है कि प्रदेश की जनता में सरकार की छवि ठीक नहीं है यही वजह है कि सरकार चुनाव करवाने से डर रही है सरकार ने ना तो छात्रसंघ चुनाव करवाए और ना ही पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव करवा रही है कारण यही है कि सरकार को चुनाव में अपनी पराजय साफ दिख रही है इसीलिए जानबूझकर सरकार चुनाव नहीं करवा रही पत्रकारों के सवाल के जवाब में सचिन पायलट ने कहा कि राजनीति में भाषा की मर्यादा होना बहुत जरूरी है क्योंकि प्रदेश की जनता विधायक, सांसद और राजनेताओं को उम्मीद की निगाह से देखती इसलिए राजनेताओं को अपना आचरण, व्यवहार, बोलचाल और भाषा का पूरा ध्यान रखना चाहिए उन्होंने कहा कि राजनीति में सिद्धांत और विचारों की लड़ाई हो सकती है लेकिन भाषा की मर्यादा को हमेशा ध्यान में रखना चाहिए एक अन्य सवाल के जवाब में सचिन पायलट ने कहा कि महिला आरक्षण बिल को कांग्रेस पार्टी ने वर्ष 2023 में ही संसद में मंजूर करवा दिया था इसलिए भाजपा नेताओं का यह कहना कि कांग्रेस पार्टी महिला विरोधी है बिल्कुल गलत है उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा महिलाओं को सम्मान और इज्जत दी है और अगर केंद्र सरकार चाहे तो लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं की एक तिहाई संख्या और बढ़ सकती है लेकिन केंद्र सरकार अपने मन मुताबिक राजनीतिक स्वार्थ के लिए परिसीमन करवाना चाहती थी जो कांग्रेस और सहयोगी दलों को मंजूर नहीं था क्योंकि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और लोकतंत्र की रक्षा करना हम सब की जिम्मेदारी है केंद्र सरकार ने गलत तरीके से परिसीमन करने का जो प्लान तैयार किया था उसको हमने रुकवाया है ताकि लोकतंत्र की रक्षा हो सके उल्लेखनीय है कि सचिन पायलट पिछले कुछ दिनों से प्रदेश में लगातार सड़क मार्ग से दौरा कर रहे हैं और जगह-जगह उनका उनके समर्थन की ओर से अभिनंदन किया जा रहा है इसी क्रम में रविवार को भी किशनगढ़ टोल प्लाजा पर बड़ी संख्या में सचिन पायलट का स्वागत करने के लिए युवा कांग्रेसजन एकत्रित हुए थे सचिन पायलट चित्तौड़गढ़ जा रहे थे इस दौरान सड़क मार्ग पर कई जगहों पर उनका रविवार को दिनभर स्वागत होता रहा किशनगढ़ टोल प्लाजा पर सचिन पायलट से हाथ मिलाने के लिए और उन्हें फूल माला पहनने के लिए कांग्रेस जनों में होड़ लग गई मौके पर कांग्रेस जनों ने सचिन पायलट के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की सचिन पायलट ने भी हाथ जोड़कर और मुस्कुराते हुए सभी कांग्रेस जनों का अभिनंदन स्वीकार किया और जहां तक हो सके सचिन पायलट सभी कार्यकर्ताओं के साथ हाथ मिलाने का प्रयास भी करते हुए नजर आए इसमें कोई संदेह नहीं सचिन पायलट की लोकप्रियता में किसी भी तरह की कोई गिरावट नहीं आई है पिछले कुछ महीनो से जरूर सचिन पायलट देश में कई अन्य राज्यों में विधानसभा चुनाव होने की वजह से सक्रिय नजर नहीं आ रहे थे लेकिन जैसे ही देश में अन्य राज्यों में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया कंपलीट हुई सचिन पायलट वापस राजस्थान में सक्रिय हो गए हैं और पायलट ज्यादातर सड़क मार्ग से ही एक जगह से दूसरी जगह पर जा रहे हैं इसलिए जगह-जगह सड़क मार्ग पर उनका जोरदार स्वागत किया जा रहा है ।

## ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट कार्यक्रम को लेकर प्रदेश भाजपा भी है गंभीर, समन्वय की नियुक्ति की गई

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि राजस्थान की भजनलाल सरकार किसानों तक कृषि योजनाओं को प्रभावी ढंग से पहुंचाने के उद्देश्य से प्रत्येक जिले में ग्राम रथ संचालित कर रही है। इन ग्राम रथों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि योजनाओं की जानकारी, लाभ और आवेदन प्रक्रियाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। भाजपा संगठन द्वारा ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट के माध्यम से प्रदेश में विकास, कृषि नवाचार और कृषि क्षेत्र की योजनाओं की जानकारी को व्यापक स्तर पर पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। राठौड़ ने बताया कि इन ग्राम रथों के साथ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों की टोली भी सक्रिय रूप से जुड़कर आमजन को योजनाओं की विस्तृत जानकारी देगी तथा अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं से जोड़ने का कार्य करेगी। राठौड़ ने बताया कि राजस्थान ग्लोबल एग्रीटेक समिट को लेकर प्रदेश समिति मॉनिटरिंग एवं संभाग स्तरीय समन्वयक नियुक्ति किए गए है। प्रदेश मॉनिटरिंग समिति में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, नाहर सिंह जोधा के साथ प्रेम सिंह बनवासा एवं अनुराग जांगिड को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट के सफल आयोजन हेतु संभाग स्तर पर समन्वयक नियुक्त किए गए हैं। इनमें बीकानेर संभाग में ज्योति मिर्धा, राजेंद्र नायक, विजेंद्र पूनियां, जयपुर संभाग में लालचंद कटारिया, ओमप्रकाश भड़ाना, रामचरण बोहरा, नारायण मीना, भरतपुर संभाग में प्रेम सिंह बाजौर, धर्म सिंह जाट, सुखबीर सिंह जौनापुरिया, ब्रजलाल डिकोलिया, अजमेर संभाग में सी.आर. चौधरी, देवीशंकर भूतना, वीरमदेव सिंह जैसास, जोधपुर संभाग में जसवंत विश्नोई, शैलाराम सारण, महेंद्र राठौड़, प्रसन्नचंद मेहता, उदयपुर संभाग में बंशीलाल कटारा, रामगोपाल सुथार, बद्री जाट, भवानी जोशी और कोटा संभाग में प्रहलाद टांक, प्रभुलाल सैनी, नरेंद्र नागर को संभाग समन्वयक बनाया गया है।

## पुलिस चौकी में कांस्टेबल की लाश मिलने से सनसनी फैलीः परिजनों में आक्रोश, मांगों को लेकर प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के टोंक जिले में काकोड पुलिस चौकी में राजस्थान पुलिस के कांस्टेबल की लाश मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई मृतक कांस्टेबल के परिजनों और आक्रोशित लोगों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और इस मामले में कांस्टेबल की हत्या करने वाले लोगों की गिरफ्तारी करने की डिमांड की गुस्साए लोगों ने मृतक के परिजनों को नौकरी और मुआवजा की डिमांड की अपनी डिमांड को लेकर लोगों ने जोरदार प्रदर्शन किया, प्रदर्शन कर रहे लोगों के बीच पूर्व मंत्री प्रभु लाल सैनी और पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता की पहुंचे मौके पर मौजूद पूर्व मंत्री प्रभु लाल सैनी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि यह पूरी तरह से हत्या से जुड़ा मामला है और यह आमजन पर नहीं बल्कि पुलिस पर ही हमला किया गया है इसलिए यह गंभीर विषय है इस पर गंभीरता से मंथन करना चाहिए और हथियारों की जल्दी से जल्दी गिरफ्तारी करनी चाहिए इस दौरान पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और गुस्साए लोगों को शांत करने का प्रयास भी किया लेकिन प्रदर्शनकारी लोगों ने साफ कहा कि मृतक कांस्टेबल भागचंद सैनी के आश्रितों को नौकरी और एक करोड रुपए का आर्थिक मुआवजा तथा कई अन्य मांगे की जिस पर प्रशासन से जुड़े लोगों ने अनुकंपा नियुक्ति और एक करोड रुपए के आर्थिक मुआवजा के डिमांड को स्वीकार किया इसके बाद सरकारी लोगों का गुस्सा शांत हुआ जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह काकोड़ा पुलिस चौकी में ही कांस्टेबल भागचंद की लाश पड़ी हुई मिली मौके पर भागचंद की बाइक भी पड़ी हुई थी मृतक भागचंद की बॉडी पर चोट के निशान भी थे इसलिए मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने मौके पर फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ और एफएसएल की टीम भी बुलाई है तथा मौके से आवश्यक तथ्य और सबूत भी एकत्रित करने के प्रयास किए गए हैं पुलिस भी इस मामले को हत्या से जोड़कर ही देख रही है इसलिए अज्ञात हथियारों को चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है इसके अलावा इस बात का भी पता लगाया जा रहा है कि मृतक कांस्टेबल का किसी से विवाद या झगड़ा तो नहीं चल रहा था या फिर पुलिस की चौकसी के दौरान उसका किसी से पहले कोई झगड़ा तो नहीं हुआ था या फिर कांस्टेबल भागचंद ने अपनी ओर किसी भी तरह की कोई शिकायत जिले के बड़े पुलिस अधिकारियों से तो पहले नहीं की थी इन सब विषयों पर पुलिस की जांच जारी है इसके अलावा मृतक के परिजनों से भी आवश्यक पूछताछ की जा रही है मृतक के मोबाइल फोन की भी जांच पड़ताल की जा रही है लेकिन जिस तरह से एक कांस्टेबल की हत्या की गई है उसके बाद क्षेत्र के लोगों और गणमान्य नागरिकों और व्यापारियों का भी यही कहना है कि इलाके में बदमाश कितने निडर है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने एक कांस्टेबल की ही हत्या करने में बिल्कुल भी घबराहट नहीं दिखाई इसलिए जब एक कांस्टेबल की ही बदमाशों ने हत्या की है तो फिर आमजन खुद को कैसे सुरक्षित महसूस करें।

## आरेडिका में बने पहले वंदे भारत ट्रेनसेट को डायनेमिक टेस्टिंग एवं फील्ड ट्रायल हेतु किया गया रवाना

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** वंदे भारत की यात्रा, जो वर्ष 2018 में मात्र दो ट्रेनसेट से प्रारंभ हुई थी आज अपने 100वें ट्रेनसेट के महत्वपूर्ण पड़ाव की ओर अग्रसर है। यह उपलब्धि भारत के कोच आधुनिकीकरण और अत्याधुनिक रेल तकनीक के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।गत 2 मई का दिन एक ऐतिहासिक अवसर के रूप में उसे समय दर्ज हुआ जब आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली ने अपने पहले 16-कोच वंदे भारत चेयर कार ट्रेनसेट को डायनेमिक टेस्टिंग एवं फील्ड ट्रायल हेतु रवाना किया। इसके साथ ही आरेडिका ने वंदे भारत ट्रेनसेट निर्माताओं की श्रेणी में सफलतापूर्वक अपना स्थान बना लिया है। यह ट्रेन अत्याधुनिक सीमेंस प्रोपल्शन सिस्टम से सुसज्जित है। नियमित यात्री सेवा में शामिल होने से पूर्व इस ट्रेन का ऑस्सिलेशन परीक्षण किया जाएगा, जिसके माध्यम से इसकी राइड क्वालिटी, सुरक्षा मानकों एवं गतिशील प्रदर्शन का व्यापक परीक्षण एवं सत्यापन सुनिश्चित किया जाएगा। वंदे भारत ब्रांड की गति, दक्षता एवं यात्री सुविधा, को ध्यान में रखते हुए, आरेडिका द्वारा निर्मित इस ट्रेनसेट में विश्वसनीयता एवं सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु अनेक उन्नत इंजीनियरिंग सुधार सम्मिलित किए गए हैं। यह ट्रेनसेट उच्च स्तरीय यात्रा अनुभव प्रदान करने हेतु आधुनिक सुविधाओं से युक्त है, जिसमें आरामदायक सीटें, झटके रहित यात्रा, पूर्णतः सील्ड गैंगवे तथा शोर को न्यूनतम करने के लिए ऑटोमैटिक प्लग डोर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, इसमें स्वदेशी कवच ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम, उन्नत अग्नि पहचान प्रणाली एवं अंडर स्लंग उपकरणों के लिए सुरक्षा प्रणाली भी उपलब्ध कराई गई है। वैक्यूम इन्फ्यूजन तकनीक के माध्यम से ट्रेन के आंतरिक साज - सज्जा को उच्च गुणवत्ता एवं उत्कृष्ट फिनिशिंग प्रदान की गई है। यह ट्रेन दिव्यांगजन-अनुकूल है, जिसमें रैंप, निर्धारित स्थान एवं विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे सभी यात्रियों के लिए समावेशी एवं सुगम यात्रा सुनिश्चित हो सके। आरेडिका रायबरेली द्वारा निर्मित यह नवीनतम वंदे भारत ट्रेनसेट भारत के तेज, सुरक्षित एवं आरामदायक रेल परिवहन के भविष्य की दिशा में एक सशक्त कदम है। यह उपलब्धि भारतीय रेल की नवाचार, आत्मनिर्भरता, समावेशन एवं विश्वस्तरीय विनिर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः प्रमाणित करती है।

## चार बार विधायक रहे बाबूलाल बैरवा का निधन, दो बार कांग्रेस एक बार भाजपा से और एक बार निर्दलीय रहे थे विधायक

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** कठूमर से चार बार विधायक रहे बाबूलाल बैरवा का रविवार को जयपुर में अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया बैरवा के निधन पर कठूमर विधानसभा क्षेत्र के लोगों में शोक की लहर फैल गई क्योंकि बैरवा का कठूमर विधानसभा क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रभाव रहा है चाहे राजस्थान में भाजपा की सरकार रही हो या फिर कांग्रेस पार्टी की सरकार बैरवा का कठूमर में बहुत अच्छा प्रभाव रहा यही वजह है कि बैरवा कठूमर से दो बार कांग्रेस से एक बार भाजपा से और एक बार निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में विधायक चुने गए, बैरवा के निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली, प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, सहित भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पार्टी के कई बड़े नेताओं ने गहरा शोक प्रकट किया है जानकारी के अनुसार बाबूलाल बैरवा शुगर, बीपी और कई अन्य बीमारियों से ग्रसित थे और उनका लंबे समय से उपचार भी चल रहा था लेकिन रविवार को उन्होंने अस्पताल में ही उपचार के दौरान अंतिम सांस ली बाबूलाल बैरवा उप जिला प्रमुख भी रहे हैं 1980 में बैरवा ने कठूमर से निर्दलीय चुनाव लड़ा था और चुनाव जीते थे 1985 में उन्होंने कांग्रेस पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़ा और चुनाव जीत भी इसके बाद 2008 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की टिकट से चुनाव लड़ा और चुनाव जीता इसके बाद 2018 की विधानसभा चुनाव में उन्होंने कस्टमर से ही कांग्रेस पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़ा और चुनाव जीता इस तरह से बेरवा चार बार विधायक रहे हैं ।

# व्हाट्सएप पर बॉस बनकर लगाई 5.30 करोड़ की चपत, राजस्थान पुलिस ने 17 साइबर ठगों को दबोचा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान में साइबर अपराधियों के एक बड़े अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन जयपुर ने 17 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने व्हाट्सऐप पर कंपनी के चेयरमैन की फोटो और नाम लगाकर अकाउंटेंट को झांसे में लिया और 5 करोड़ 30 लाख रुपये विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर करवा लिए। मामले में परिवादी दीपेन्द्र सिंह ने 24 अप्रैल 2026 को साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई थी। परिवादी ने बताया कि वह गैलेक्सी माइनिंग कम्पनी में अकाउंटेंट है। उसे कंपनी मालिक के नाम और फोटो वाले दूसरे व्हाट्सऐप नंबर से संदेश मिला, जिसमें दो अलग-अलग बैंक खातों में तत्काल भुगतान करने के निर्देश दिए गए। भरोसा कर उसने 5.30 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए, बाद में यह साइबर ठगी निकली। साइबर क्राइम पुलिस मुख्यालय के उप महानिरीक्षक शांतनु कुमार सिंह ने बताया कि साइबर क्राइम पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा के सुपरविजन में विशेष टीमों ने बैंक खातों की तकनीकी जांच की। जांच में सामने आया कि ठगी की रकम कई बैंक खातों में घुमाई गई और बाद में नकद निकासी यूएसडीटी और हवाला के जरिए रकम को ठिकाने लगाया गया। पुलिस ने जिला पुलिस कोटा ग्रामीण, पाली, बांसवाड़ा, जोधपुर और बाड़मेर जिला पुलिस के सहयोग से कार्रवाई करते हुए 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले, नकद निकासी करने वाले, कमीशन एजेंट और क्रिप्टोकरेंसी के जरिए राशि ट्रांसफर करने वाले लोग शामिल हैं। मामले में ?पुलिस ने कोटा निवासी सोहेल खान, मोहम्मद राशीद, समीर, तोहिद मोहम्मद, नवीन सिंह चौहान, बांसवाड़ा निवासी अविनाश जैन, प्रवीण रावल, अमित रावल, भव्य गिरी, मुकेश चौहान, जोधपुर निवासी घनश्याम धतरवाल, राहुल आरडीएक्स, कमलेश, पाली निवासी दिपेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र, हरीश और बाड़मेर निवासी सदराम को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में वकालत का छात्र, सैलून कर्मी और ऑटो पार्ट्स दुकानदार तक शामिल हैं। ये आरोपी बैंक खाते, पासबुक, चेकबुक और डेबिट कार्ड उपलब्ध कराने, नकद निकासी और कमीशन के बंटवारे के लिए चाय की दुकानों या थड़ियों पर मिलते थे ताकि किसी को शक न हो।

**कोटा कनेक्शनः**
यहाँ के आरोपी ठगी की राशि को नकद निकालने और उसे क्रिप्टोकरेंसी में बदलने के केंद्र थे। मूलतः गुजरात निवासी तोहिद मोहम्मद कोटा ने वकालत की पढ़ाई करने के साथ-साथ इसने हेयर सैलून वालों के बैंक खाते खुलवाए और ठगी की राशि विड्रोल करवाकर ठगों तक पहुँचाई। (कमीशनः 15,000 रुपये) सोहेल खान, मोहम्मद राशीद और समीर ये तीनों हेयर सैलून में काम करते थे। इन्होंने अपने खातों में ठगी की राशि मंगवाई और उसे 3 से 6 हजार कमीशन पर नकद निकालकर ठगों को देते। ऑटो पार्ट्स संचालक नवीन सिंह चौहान की मुख्य भूमिका ठगी की राशि से Angelx App के जरिए यूएसडीटी खरीदना था ताकि पैसा ट्रेस न हो सके। (कमीशनः 5 लाख पर 50,000 रुपये)

**बांसवाड़ा कनेक्शनः**
यहाँ के आरोपी ठगी के लिए नए बैंक खाते और राशि को एक जगह से दूसरी जगह पहुँचाने का काम करते थे। अमित रावल ई-मित्र की दुकान चलाने के साथ इसने अपनी पत्नी और रिश्तेदारों के बैंक खाते ठगों को 5 हजार प्रति खाता उपलब्ध कराए। अविनाश जैन और मुकेश चौहान का काम ठगी की राशि को सुरक्षित तरीके से एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचाना था। भव्य गिरी गोस्वामी कपड़ों की दुकान चलाने के साथ यह राशि का नकद विड्रोल कर ठगों को उपलब्ध करवाता था। प्रवीण रावल ने स्वयं का बैंक खाता कमीशन के बदले ठगों को दे रखा था।

**पाली कनेक्शनः**
यहाँ के आरोपी मुख्य रूप से ठगों को नए बैंक खाते उपलब्ध कराने की कड़ी के रूप में काम कर रहे थे। दिपेन्द्र सिंह और वीरेन्द्र ने अपने दोस्तों और परिचितों को लालच देकर उनके बैंक खाते ठगों को सौंपे थे। राहुल उर्फ आरडीएक्स, कमलेश और हरीश ने स्वयं के नाम से बैंक खाते खुलवाकर ठगों को दिए और प्रत्येक खाते के बदले 5,000 रुपये कमीशन प्राप्त किया।

## पूर्व विधायक प्रकाश चौधरी की कार के हाइड्रो क्रेन ने मारी टक्कर, प्रकाश चौधरी ने बताया साजिश

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के चित्तौड़गढ़ जिले में बड़ी सादड़ी के पूर्व विधायक प्रकाश चौधरी की कार के हाइड्रा क्रेन में टक्कर मार दी जिसकी वजह से चौधरी और कार में सवार लोग घायल हो गए हालांकि चौधरी के ज्यादा चोट नहीं आई है लेकिन चौधरी ने कहा है कि यह साजिश का हिस्सा है इसलिए इस मामले की जांच होनी चाहिए जानकारी के अनुसार प्रदेश के चित्तौड़गढ़ जिले के भदेसर में बिजली विभाग के कार्यालय के सामने प्रकाश चौधरी की गाड़ी खड़ी हुई थी और चौधरी गाड़ी के पास ही खड़े हुए थे तभी हाइड्रा क्रेन उनकी गाड़ी के पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिसकी वजह से चौधरी खुद जमीन पर गिर गए और उनकी गाड़ी में उनका बेटा राजा और एक अन्य व्यक्ति भी बैठा हुआ था वे दोनों भी घायल हो गए प्रकाश चौधरी ने इस संदर्भ में पुलिस में भी कंप्लेंट दर्ज करवाई है और कहा है कि यह साजिश है किसी ने उन्हें नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया है फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है घटना के बाद क्रेन का चालक मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश की जा रही है पुलिस का कहना है फरार चालक के पकड़े जाने बाद और उससे होने वाली पूछताछ के बाद ही इस मामले में ठीक तरह से खुलासा हो पाएगा कि यह हादसा है या फिर कोई साजिश ? जानकारी के अनुसार प्रकाश चौधरी सचिन पायलट के एक कार्यक्रम में शामिल होकर बड़ी सादड़ी से चित्तौड़गढ़ की ओर जा रहे थे तभी भदेसर कस्बे में उन्होंने अपनी गाड़ी को रोका था उसी समय पीछे से क्रेन ने उनकी गाड़ी के जोरदार टक्कर मारी हालांकि हादसे में प्रकाश चौधरी उनके बेटे राजा चौधरी और एक अन्य व्यक्ति के चोट आई है लेकिन तीनों ही शख्स के ज्यादा गंभीर चोट नहीं है उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी के नेता मानवेंद्र सिंह जसोल ने भी जोधपुर पुलिस में शनिवार को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गुजरात नंबर की स्कॉर्पियो उनका लगातार पीछा कर रही है उनके घर के पास भी गुजरात नंबर की स्कॉर्पियो गाड़ी को देखा गया है जसोल ने आशंका जताई है कि कोई उनका पीछा कर रहा है पुलिस इस मामले की भी जांच कर रही है अभी जांच कंप्लीट नहीं हुई है पुलिस सीसीटीवी कैमरे के आधार पर गुजरात नंबर की गाड़ी को चिन्हित करने का प्रयास करके गाड़ी में सवार लोगों की पहचान करने का प्रयास कर रही है अब जिस तरह से रविवार को पूर्व विधायक प्रकाश चौधरी की गाड़ी के पीछे से जोरदार टक्कर मारी गई और उसके बाद चौधरी ने इसको एक साजिश बताया तो यह भी एक बड़ी चिंता का विषय जरूर माना जा सकता है ।

## सम्पादकीय

### गैस-डीजल की कीमतों में तेजी से फिर बढ़ी महंगाई




पिछले करीब दो महीने से पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच वैश्विक स्तर पर जिस तरह की परिस्थितियां पैदा हुई हैं, उसमें रोजमर्रा की जरूरत की चीजों की आपूर्ति बाधित होने के साथ ही महंगाई की रफ्तार भी तेज हुई है। ऐसे में भारत में भी महंगाई के बेलगाम होने की आशंका पहले से जताई जा रही थी। मगर ऐसा लगता है कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर ही सरकार ने जरूरी चीजों की कीमतों की लगाम को थाम के रखा हुआ था। गौरतलब है कि शुक्रवार को खाना पकाने के वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत में नौ सौ तिरानबे रुपए की भारी बढ़ोतरी कर दी गई। वहीं चूंकि सामान्य घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित है, इसलिए पांच किलो गैस वाले छोटे सिलेंडर उपलब्ध तो कराए जा रहे हैं, लेकिन उसकी कीमत में भी दो सौ इकसठ रुपए की बढ़ोतरी कर दी गई और अब इसके लिए उपभोक्ताओं को आठ सौ दस रुपए पचास पैसे देने होंगे। इसके अलावा, विमान ईंधन और थोक डीजल के मूल्य में भी वृद्धि की गई है। कहने को ताजा बढ़ोतरी का असर आबादी के एक छोटे हिस्से पर पड़ने की बात कही जा रही है, लेकिन इतना तय है कि इसका दायरा बड़ा होने वाला है। मसलन, केवल वाणिज्यिक गैस सिलेंडर को ही देखें, तो इसकी कीमत अब तीन हजार रुपए से भी ज्यादा हो गई है। जाहिर है, होटल, ढाबे या खाना पकाने का व्यवसाय करने वाले लोग अगर इसका उपयोग करेंगे, तो सीधे-सीधे इसका असर खाने-पीने की चीजों की कीमतों और लोगों की थाली पर पड़ेगा। संभव है कि कम आय वाले लोगों के व्यवसाय पर भी इसका विपरीत असर पड़े। फिर इस बात की क्या गारंटी है कि जिन कारणों से वाणिज्यिक गैस सिलेंडर के दाम में इजाफा करने को उचित ठहराया जा रहा है, उसी तरह के दूसरे कारण से आने वाले दिनों में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत नहीं बढ़ाई जाएगी। आखिर छोटे सिलेंडर की कीमत में खासी बढ़ोतरी कर ही दी गई है, जिसका उपयोग आमतौर पर प्रवासी मजदूर से लेकर आर्थिक रूप से कमजोर तबके के लोग करते हैं। इसी तरह, अब यह कहना मुश्किल है कि विमान ईंधन और थोक डीजल के मूल्यों में वृद्धि केवल यहीं तक रुक जाएगी। अभी से आम उपयोग वाले पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका जताई जाने लगी है। जाहिर है, एक ऐसा दौर शुरू हो चुका है, जिसमें महंगाई का दुश्चक्र आने वाले दिनों में और ज्यादा जटिल होता दिख रहा है। खासतौर पर डीजल की कीमतों में इजाफे के बाद ढुलाई का खर्च बढ़ेगा और इसके बाद चौतरफा महंगाई की मार सबके लिए एक बड़ी चुनौती बन सकती है। वैश्विक स्तर पर पसरी अस्थिरता की वजह से अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर हाल के दिनों में जो सुस्ती देखी जा रही है, बाजार भी तेज उतार-चढ़ाव से गुजर रहा है, उसमें एक बड़ी आबादी रोजी-रोजगार के सवालों से जूझ रही है। लगातार घटती क्रयशक्ति के दौर में महंगाई की मार का असर कितना गहरा हो सकता है, इसका बस अंदाजा ही लगाया जा सकता है। सवाल है कि अगर पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से उपजे संकट के बावजूद सरकार ने करीब दो महीने तक तेल और गैस की कीमतों को कमोबेश थाम कर रखा था

## कहानी

### बारह बहनें

एक था बादशाह, जिसके थीं बारह लड़कियाँ, सबकी सब बड़ी ख़ूबसूरत थीं। सब एक ही साथ रहतीं और एक ही कमरे में सोतीं, सबकी चारपाइयाँ कमरे में बराबर से लगी हुई थीं। जब लड़कियाँ सो जातीं तो बादशाह खुद आ कर बाहर से कमरे का दरवाज़ा बंद कर देता। बादशाह को डर था कि लड़कियों को कहीं कोई तकलीफ़ न पहुँचा जाए। इसलिए वो हर रात को दरवाज़ा बंद कर देता था और सुबह सवेरे ही खोल जाता।

एक दिन सुबह को जब बादशाह दरवाज़ा खोलने आया तो ये देख कर उसे बड़ा ता'ज्जुब हुआ कि बारहों लड़कियों के जूते एक क़तार में रखे हुए हैं, हर जूते की एड़ी घिसी हुई है। जूते गर्द में अटे हुए हैं। बादशाह समझ गया कि लड़कियाँ ज़रूर रात को कहीं गईं थीं मगर लड़कियाँ क्यों कर बाहर गईं, ये उसकी समझ में न आया। लड़कियों से पूछना मुनासिब न समझा। आख़िर में मजबूर हो कर उसने ऐलान किया कि जो कोई भी मा'लूम कर लेगा कि शहज़ादियाँ रात को कहाँ जाती हैं उसकी शादी उस शहज़ादी से कर दी जाएगी जिस को वो पसंद करेगा। राज-पाट भी उसी को दे दिया जाएगा। मगर शर्त ये है कि तीन दिन के अंदर मा'लूम करके बतलाए वर्ना फांसी दे दी जाएगी।

कुछ दिनों के बा'द एक शहज़ादा आया और अपने आपको इस काम के लिए पेश किया। बादशाह ने उसका इस्तिक़बाल बड़ी धूम-धाम से किया। शहज़ादियों का कमरा दिखलाया। कमरे के पास ही शहज़ादे के सोने और रहने का इंतिज़ाम किया। ताकि नज़दीक से शहज़ादियों की निगरानी अच्छी तरह कर सके।

रात को शहज़ादियों के कमरे का दरवाज़ा खुला छोड़ दिया गया ताकि शहज़ादा उनके सोने-जागने को अच्छी तरह देख सके। लेकिन अभी थोड़ी ही रात गई थी कि शहज़ादे की आँखों में नींद भर आई और वो बे-ख़बर हो कर सो रहा। शहज़ादियाँ हर रात की तरह आज रात को भी घूमने गईं जब सुब्ह-सवेरे बादशाह आया तो उसने देखा कि लड़कियों के जूतों पर गर्द पड़ी हुई है और एड़ियाँ घिसी हुई हैं। बादशाह ने शहज़ादे से पूछा कि, 'बतलाओ लड़कियाँ कहाँ थीं? '

शहज़ादा कोई जवाब न दे सका। दूसरी और तीसरी रात को भी शहज़ादियाँ घूमने गईं और शहज़ादा हर रात की तरह सोता रहा। आख़िर चौथे दिन शहज़ादे को फाँसी दे दी गई।

उसके बा'द बहुत से शहज़ादे आए मगर कोई भी ये न मा'लूम कर सका कि शहज़ादियाँ कब और कहाँ घूमने जाती हैं।

एक दिन ऐसा इत्तिफ़ाक़ हुआ कि एक ग़रीब सिपाही सड़क से गुज़र रहा था। उसने भी बादशाह का ऐलान देखा। जी में आया कि किसी तरह ये भेद मा'लूम हो जाता तो ज़िंदगी बड़े आराम से गुज़रती लेकिन ये भेद कैसे मा'लूम होगा, उसकी कुछ समझ में न आया। इसी सोच में चला जा रहा था कि एक बुढ़िया मिली, बुढ़िया ने पूछा, 'सिपाही-सिपाही कहाँ जा रहे हो? ' सिपाही ने कहा, 'ये तो मुझ को भी नहीं मा'लूम, मगर दिल ये चाहता है कि किसी तरह शहज़ादियों के घूमने का भेद मा'लूम हो जाता तो बड़ा अच्छा हो जाता। बुढ़िया ने कहा ये कोई मुश्किल बात नहीं। बस तुम हिम्मत कर लो तो बेड़ा पार है। देखो रात को खाने के बा'द लड़कियाँ शराब भिजवाएँगी... उसको न पीना, उसके पीने से बड़ी गहरी नींद आती है। तुम हरगिज़-हरगिज़ शराब मत पीना। बिस्तर पर लेटते ही सोता हुआ बन जाना और ये ज़ाहिर करना कि तुम गहरी नींद में सो रहे हो, ताकि शहज़ादियाँ निडर हो कर घूमने जा सकें, ये लबादा भी अपने साथ ले जाओ। इसमें ख़ास बात ये है कि जब तुम इसको ओढ़ लोगे तो तुम्हें कोई भी नहीं देख सकता और तुम सबको देख सकते हो।

# वैश्विक संकट बना अमेरिका-ईरान का टकराव

यदि ईरान परमाणु मसले पर समझौते से इन्कार करता रहता है तो ट्रंप उसे नए सिरे से निशाना बना सकते हैं, लेकिन उनके लिए ऐसा करना आसान नहीं होगा, क्योंकि पश्चिम एशिया संकट को लेकर वे अपने घर में ही आलोचना से घिर गए हैं। उनके रक्षा मंत्री विपक्षी डेमोक्रेट सांसदों को यह बता पाने में नाकाम हैं कि ईरान के खिलाफ चले 40 दिन के युद्ध में अमेरिका को क्या हासिल हुआ? अमेरिका और ईरान के बीच पहले दौर की वार्ता विफल होने और दूसरे दौर की वार्ता कराने में पाकिस्तान के नाकाम हो जाने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने संकट सुलझाने के लिए रूसी राष्ट्रपति पुतिन से बात की, लेकिन इससे भी बात बनती नहीं दिखी। इस बातचीत में रूस ने ईरान के संवर्धित यूरेनियम को अपने पास रखने का प्रस्ताव दिया, लेकिन इस पर बात तभी आगे बढ़ सकेगी, जब ईरान सहमत होगा।
आज यक्ष प्रश्न यह नहीं है कि अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम कायम रहेगा या नहीं, बल्कि यह है कि होर्मुज समुद्री मार्ग खुलेगा या नहीं? यदि यह समुद्री मार्ग नहीं खुलता तो तेल और गैस के दाम नीचे आने वाले नहीं और यदि वे इसी तरह बढ़ते रहे तो पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था डगमगा सकती है। कई देशों में तो तेल और गैस के दाम बढ़ भी गए हैं। इसका प्रतिकूल असर उद्योग-धंधों के साथ रोजगार पर भी पड़ रहा है। अभी तक भारत को केवल एलपीजी की किल्लत का सामना




होर्मुज समुद्री मार्ग पर ईरान के आधिपत्य जमाने की कोशिश और इसके जवाब में अमेरिका की ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी के चलते पूरे विश्व में ऊर्जा का न केवल संकट बरकरार है, बल्कि वह गहराता भी जा रहा है। जहां अमेरिका ईरान के तेल टैंकरों को नहीं निकलने दे रहा है, वहीं ईरान होर्मुज से तेल और गैस लेकर आ रहे जहाजों को रास्ता नहीं दे रहा है। एक तरह से दोनों देश अड़ियल रवैया अपनाए हुए हैं। यह तब है, जब अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम भी कायम है।

फिलहाल इस युद्धविराम से दुनिया को कोई लाभ नहीं मिल रहा है, क्योंकि पश्चिम एशिया का संकट यथावत है और होर्मुज पहले की तरह बाधित है। ट्रंप ने युद्धविराम को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ाने के बाद जब ईरान पर परमाणु मसले पर जल्द समझौते के लिए दबाव डालना शुरू किया तो प्रारंभ में तो वह इस दबाव का प्रतिकार करते दिखा, लेकिन अपने बंदरगाहों की अमेरिकी नाकेबंदी से वह अब कुछ बेचैन दिख रहा है। इसका कारण यह है कि वह जिस तेल का उत्पादन कर रहा है, उसका निर्यात नहीं कर पा रहा है और उसके पास अब और अधिक तेल के भंडारण की क्षमता नहीं बची। ऐसे में उसे अपने तेल कुओं को बंद करना पड़ सकता है। इसके नतीजे में उन्हें स्थायी रूप से नुकसान पहुंच सकता है। शायद इसी कारण ईरान ने पाकिस्तान के जरिये अमेरिका को नया प्रस्ताव भेजा, लेकिन वह ट्रंप को रास नहीं आया। देखना है कि इसके बाद ईरान क्या करता है और ट्रंप क्या करते हैं?

यदि ईरान परमाणु मसले पर समझौते से इन्कार करता रहता है तो ट्रंप उसे नए सिरे से निशाना बना सकते हैं, लेकिन उनके लिए ऐसा करना आसान नहीं होगा, क्योंकि पश्चिम एशिया संकट को लेकर वे अपने घर में ही आलोचना से घिर गए हैं। उनके रक्षा मंत्री विपक्षी डेमोक्रेट सांसदों को यह बता पाने में नाकाम हैं कि ईरान के खिलाफ चले 40 दिन के युद्ध में अमेरिका को क्या हासिल हुआ? अमेरिका और ईरान के बीच पहले दौर की वार्ता विफल होने और दूसरे दौर की वार्ता कराने में पाकिस्तान के नाकाम हो जाने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने संकट सुलझाने के लिए रूसी राष्ट्रपति पुतिन से बात की, लेकिन इससे भी बात बनती नहीं दिखी। इस बातचीत में रूस ने ईरान के संवर्धित यूरेनियम को अपने पास रखने का प्रस्ताव दिया, लेकिन इस पर बात तभी आगे बढ़ सकेगी, जब ईरान सहमत होगा।

आज यक्ष प्रश्न यह नहीं है कि अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम कायम रहेगा या नहीं, बल्कि यह है कि होर्मुज समुद्री मार्ग खुलेगा या नहीं? यदि यह समुद्री मार्ग नहीं खुलता तो तेल और गैस के दाम नीचे आने वाले नहीं और यदि वे इसी तरह बढ़ते रहे तो पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था डगमगा सकती है। कई देशों में तो तेल और गैस के दाम बढ़ भी गए हैं। इसका प्रतिकूल असर उद्योग-धंधों के साथ रोजगार पर भी पड़ रहा है। अभी तक भारत को केवल एलपीजी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। सरकार को इस किल्लत के बीच कमर्शियल सिलिंडरों के दाम बढ़ाने पड़े हैं। पिछले कुछ समय से कारखानों में इस्तेमाल होने वाली गैस की कमी भी देखी जा रही है और उनका उत्पादन प्रभावित हो रहा है। कहीं-कहीं श्रमिकों के काम के घंटों और दिनों में भी कटौती होने लगी है। एक समस्या यह भी है कि निर्यातक अपना सामान खाड़ी के देश नहीं भेज पा रहे हैं। इसी तरह खाड़ी देशों से तेल और गैस के अलावा अन्य उत्पाद भी नहीं आ पा रहे हैं। इसका भी असर उद्योगों पर पड़ रहा है। जहां तेल के दाम 125 डॉलर प्रति बैरल को पार कर गए हैं, वहीं रुपया डॉलर के मुकाबले 95 के स्तर को लांघ गया है। यह भारत के लिए दोहरा संकट है, क्योंकि इससे आयात बिल बढ़ रहे हैं। कच्चे तेल के बढ़ते मूल्यों और रुपये में गिरावट से महंगाई बढ़ने का खतरा है। अब तो इसकी भी आशंका है कि तेल कंपनियों को अपना घाटा कम करने के लिए पेट्रोल और डीजल के दाम भी बढ़ाने पड़ सकते हैं। यदि ऐसा होता है तो महंगाई का तेजी से बढ़ना तय है। महंगाई बढ़ने से आम आदमी के समक्ष संकट तो बढ़ेगा ही, सरकार के लिए भी मुश्किलें बढ़ जाएंगी। सरकार कुछ भी दावा करे, उसके लिए बहुत दिनों तक पेट्रोल और डीजल के मूल्य स्थिर रखना कठिन होगा। यह ध्यान रहे कि कच्चे तेल के बढ़े दामों के बोझ से आम आदमी को बचाने के लिए सरकार पहले ही अपने टैक्स राजस्व में कटौती कर चुकी है।

इसके तहत पिछले माह पेट्रोल और डीजल, दोनों पर उत्पाद शुल्क में कमी की गई थी, लेकिन आगे उसके लिए ऐसा करना कठिन होगा। सरकार ने अभी तक भले ही पेट्रोल और डीजल के दाम स्थिर रखे हों, लेकिन उसे कमर्शियल सिलिंडर के दाम बढ़ाने के साथ विदेशी अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस के लिए एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) के दाम बढ़ाने पड़े हैं। इसके चलते अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा मंहगी हुई।

# अस्थिर और अविश्वसनीय ट्रंप

ट्रंप ने पूरी दुनिया को तंग कर रखा है- दुश्मनों से ज्यादा दोस्तों को। इसीलिए अधिकतर देश उनसे सशंकित हैं। यूरोपीय देशों के साथ-साथ जापान, दक्षिण कोरिया जैसे अमेरिका के करीबी देश भी ट्रंप को लेकर आशंका से भरे हुए हैं और भारत के साथ उन्होंने जैसा व्यवहार, बल्कि कहें कि दुर्व्यवहार किया है, उससे वे भारतीयों के मन से उतर चुके हैं। अस्थिर स्वभाव वाले अविश्वसनीय शासनाध्यक्ष के अतिरिक्त अन्य किसी रूप में ट्रंप की व्याख्या करना कठिन है। वे खुद को शांति का राष्ट्रपति बताते हैं और किसी न किसी देश को धमकी भी देते रहते हैं-कभी टैरिफ थोपने की, कभी प्रतिबंध लगाने और कभी-कभी तो हमला करने की भी। वे नोबेल शांति सम्मान पाने के लिए बेचैन थे, लेकिन यह बेचैनी न तो पिछले साल ईरान पर हमला करने में आड़े आई और न ही इस साल वेनेज़ुएला पर।
पिछले साल उन्होंने ईरान पर

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप अपनी अगली पोस्ट में क्या लिखेंगे, यह वे खुद भी नहीं बता सकते, क्योंकि वे प्रायः अपनी नई पोस्ट में जो कुछ लिखते हैं, वह पिछली पोस्ट के विपरीत होता है। ऐसा किसी एक विषय पर नहीं, हर विषय पर होता है- चाहे वह टैरिफ का मामला हो या फिर ग्रीनलैंड का अथवा ईरान का। भारत के बारे में भी उनके बयान विरोधाभासी रहे हैं। हाल में उन्होंने उस पोस्ट का समर्थन किया, जिसमें भारत को धरती का नरक कहा गया था। दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास को लगा कि ट्रंप कुछ बेतुका बोल गए तो उसने बयान जारी किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति की दृष्टि में भारत एक महान देश है और उसके शीर्ष नेता उनके मित्र हैं।

आम तौर पर जब कोई ऐसी लीपापोती करता है तो उसे कहते हैं- दूसरे की गंदगी साफ करना। अमेरिकी राष्ट्रपति के सहयोगियों को यह काम कुछ ज्यादा ही करना पड़ता है, क्योंकि वे कभी भी कुछ भी कह जाते हैं और कभी-कभी तो घोर असंसदीय और फूहड़ भी। उनके विरोधाभासी, झूठे, अतिरंजित और अपमानजनक बयानों का हिसाब रखना कठिन है, क्योंकि वे हर दिन और करीब-करीब हर मामले में ऐसा ही करते हैं। उन्हें अपने ही बयानों से मुकरने या उनके ठीक विपरीत कहने में कोई शर्म-संकोच नहीं होता। इसके बावजूद खास बात यह है कि वे खुलकर बोलते हैं।

ट्रंप ने पूरी दुनिया को तंग कर रखा है- दुश्मनों से ज्यादा दोस्तों को। इसीलिए अधिकतर देश उनसे सशंकित हैं। यूरोपीय देशों के साथ-साथ जापान, दक्षिण कोरिया जैसे अमेरिका के करीबी देश भी ट्रंप को लेकर आशंका से भरे हुए हैं और भारत के साथ उन्होंने जैसा व्यवहार, बल्कि कहें कि दुर्व्यवहार किया है, उससे वे भारतीयों के मन से उतर चुके हैं। अस्थिर स्वभाव वाले अविश्वसनीय शासनाध्यक्ष के अतिरिक्त अन्य किसी रूप में ट्रंप की व्याख्या करना कठिन है। वे खुद को शांति का राष्ट्रपति बताते हैं और किसी न किसी देश को धमकी भी देते




रहते हैं-कभी टैरिफ थोपने की, कभी प्रतिबंध लगाने और कभी-कभी तो हमला करने की भी। वे नोबेल शांति सम्मान पाने के लिए बेचैन थे, लेकिन यह बेचैनी न तो पिछले साल ईरान पर हमला करने में आड़े आई और न ही इस साल वेनेजुएला पर।

पिछले साल उन्होंने ईरान पर इजरायल के हमलों का समापन खुद उस पर हमला करके किया था। फिर उन्होंने इस साल के प्रारंभ में वेनेजुएला पर हमला करके उसके राष्ट्रपति को पत्नी समेत अगवा कर लिया। उन्होंने इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर इस साल फरवरी में फिर से तब हमला बोला, जब उससे बातचीत कर रहे थे। यह युद्ध करीब 40 दिन तक चला, फिर वे इस युद्ध से निकलने की राह तलाशने लगे और इसी के नतीजे में दो सप्ताह के लिए युद्धविराम हुआ। इस युद्धविराम के दौरान ईरान से बातचीत विफल होने के बाद उन्होंने उसे अनिश्चतकालीन के लिए बढ़ा दिया, लेकिन ऐसा करने के पहले उसकी नाकेबंदी का फैसला ले लिया। वह अब तक जारी है। आज स्थिति यह है कि अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम तो कायम है, लेकिन होर्मुज समुद्री मार्ग बंद है। इसका मतलब है कि यह युद्धविराम खाड़ी देशों से ऊर्जा आपूर्ति को उसी तरह बाधित किए हुए है, जैसे 40 दिनों के युद्ध के समय था। सच तो यह है कि युद्ध के दौरान तो तेल और गैस से लैस इक्का-दुक्का जहाज होर्मुज से गुजर भी रहे थे, लेकिन अब उनका इस संकरे समुद्री मार्ग से आना-जाना लगभग ठप है। इस युद्ध विराम ने अमेरिका-इजरायल और ईरान की सेनाओं को भले ही चैन की सांस लेने का मौका दिया हो, पर शेष विश्व को इससे कोई राहत नहीं। अब होर्मुज इसलिए बाधित है, क्योंकि ईरान का कहना है कि उसकी अमेरिकी नाकेबंदी युद्धविराम का उल्लंघन है और इसलिए वह किसी भी जहाज को तब तक यहां से नहीं निकलने देगा, जब तक उसकी नाकेबंदी खत्म नहीं हो जाती।

# शिक्षकों के बिना शिक्षा, करीब दस लाख पद खाली

यह निराशाजनक है कि राज्यों में शिक्षकों के रिक्त पदों को लेकर शिक्षा मंत्रालय की संसदीय समिति को फिर से चिंता जतानी पड़ी। इस समिति ने पिछले वर्ष भी स्कूली शिक्षकों के खाली पड़े पदों पर चिंता जताते हुए उन्हें इस वर्ष मार्च तक भरने की आवश्यकता पर बल दिया था, लेकिन उस पर ध्यान नहीं दिया गया और इसीलिए अब इस समिति ने शिक्षकों के खाली पद भरने में देरी करने वाले राज्यों की वित्तीय मदद रोकने का सुझाव दिया है। समिति के अनुसार जब तक राज्य शिक्षकों के खाली पद नहीं भरते, तब तक उन्हें समग्र शिक्षा अभियान के तहत प्रदान की जाने वाली वित्तीय मदद न दी जाए। यदि ऐसा किया जाता है तो यह भी संभव है कि राज्य वित्तीय सहायता के



अभाव में रिक्त शिक्षकों के पद भरने में और अधिक सुस्ती दिखाएं। यह ध्यान रहे कि संसदीय समिति की तरह से शिक्षा मंत्रालय भी राज्यों से शिक्षकों के रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरने का आग्रह कर चुका है, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाला है। यह सामान्य बात नहीं कि राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में शिक्षकों के करीब दस लाख पद खाली पड़े हैं। इनमें लगभग साढ़े सात लाख पद प्राथमिक शिक्षकों के है। इसका अर्थ है कि शिक्षा की बुनियाद ही कमजोर की जा रही है। यह एक विडंबना ही है कि शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने में पिछले कई वर्षों से ढिलाई बरती जा रही है। यह ढिलाई यही बताती है कि राज्य सरकारें स्कूली शिक्षा की दशा-दिशा सुधारने के प्रति गंभीर नहीं। उनकी इस अगंभीरता का परिचय उन सर्वेक्षणों से मिलता है, जो प्राथमिक शिक्षा की दयनीय दशा को रेखांकित करते रहते हैं। ये सर्वेक्षण यह बताते रहे हैं कि किस तरह चौथी-पांचवीं के छात्रों को सामान्य जोड़-घटाव करने में कठिनाई होती है या फिर वे दो-तीन वाक्य भी सही तरह नहीं लिख पाते। यह ठीक नहीं कि राज्य सरकारें समग्र शिक्षा अभियान के तहत स्कूली शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए वित्तीय मदद तो लें, पर शिक्षकों के रिक्त पद भरने में आनाकानी करें। यह विचित्र है कि जो काम प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए, वही एजेंडे से बाहर दिखता है। इसका प्रमाण यह है कि कुछ राज्यों में कई वर्षों से बड़ी संख्या में शिक्षकों के पद खाली बने हुए हैं। जैसे उत्तर प्रदेश में 2.17 लाख पद खाली हैं।

## सांगानेर में 12 मई को भव्य सम्मान समारोह, मुख्यमंत्री ने किया पोस्टर विमोचन

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** सांगानेर क्षेत्र में 12 मई को आयोजित होने वाले भव्य सम्मान समारोह की तैयारियां तेज हो गई हैं। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत रविवार को हुई, जब राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने समारोह के पोस्टर का विमोचन किया। यह कार्यक्रम सांगानेर स्थित कोहिनूर सिनेमा गार्डन में आयोजित होगा, जिसमें समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ एवं वर्तमान कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। सांगानेर वार्ड 89 के पार्षद गिर्राज शर्मा ने बताया कि समारोह में लगभग 4 हजार लोगों को सम्मानित करने की योजना है। यह आयोजन पिछले 6 वर्षों से लगातार किया जा रहा है और क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुका है। हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग इसमें भाग लेते हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज सेवा में सक्रिय लोगों का उत्साहवर्धन करना और उनके योगदान को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करना है। आयोजकों के अनुसार इस बार भी समारोह को भव्य और यादगार बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।




## सेवा कार्यों के माध्यम से छाछ वितरण

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जन्मदिन रविवार को जालोर जिले में सेवा कार्यों के माध्यम से मनाया गया। जिला कांग्रेस के प्रवक्ता योगेन्दसिंह कुम्पावत ने बताया कि जिला मुख्यालय पर अस्पताल चौराहा पर सेवा शिविर आयोजित कर सर्वप्रथम कांग्रेसजनों ने केक काटकर एवं मुंह मीठा कर बधाई दी गई। उसके पश्चात गर्मी के मौसम को देखते हुए छाछ का वितरण किया गया। उसके पश्चात कांग्रेसजनों ने जिला मुख्यालय के अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरण किये गये। वहीं इस अवसर पर पक्षियों को गर्मी से राहत के लिए परिंडे भी लगाए गये। व जिले की गोशालाओं में चारा वितरण भी किया गया। कुम्पावत ने बताया कि इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी सायला की ओर से जीवाणा के जीवाणा अस्पताल में भी रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जालोर में सेवा शिविर में जन अभियोग निराकरण समिति के पूर्व अधक्ष पुखराज पाराशर ने बधाई देते हुए कहा कि सेवा, सुरक्षा एवं समर्पण के प्रतीक अशोक गहलोत अपनी कार्यशैली, अनुभव और जनता से सीधे जुडाव से पहचाने जाते हैं। अपने कार्यकाल में उनके सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं विकास कार्यों को आज भी जनता याद कर रही है। जालोर जिले के अनगिनत विकास कार्य अपनी कहानी खुद बता रहे है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमीला मेघवाल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत राजनीति की पाठशाला है उनके रग रग में कांग्रेस है राजस्थान के विकास मे उनका योगदान अतुल्य है। ईश्वर उनको स्वस्थ एवं दीर्घायु रखे। सेवा शिविर मे पूर्व जिलाध्यक्ष नैनसिंह राजपुरोहित, वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र दवे, ब्लाक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल, नगर अध्यक्ष मुमताज अली सैय्यद, एनएसयूआई ज़िलाध्यक्ष सुष्मिता गर्ग, जिला उपाध्यक्ष जुल्फिक्कार अली भुट्टो, संगठन महासचिव विरेन्द्र जोशी, केलाश शर्मा, लालसिंह राजपुरोहीत, बसंत सुथार , लक्ष्मण सांखला, सुरेश मेघवाल, विशनसिंह राजपुरोहित, कृष्ण कुमार मेघवाल, उम्मेदसिंह चारण, मदन दहीया, गणपत शर्मा, पीरसिह बालोत, खीमाराम चौधरी, साबीर खान, शंकर अग्रवाल, रमेश सोलकी, जोगाराम सरगरा,पुखराज माली, बंशीलाल माली, सुरेश चौधरी, मिश्रीमल गहलोत, किशनलाल चोधरी, महेन्द्र सोनगरा,ईश्वर सिंह बालावत, कपुराराम परिहार सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्मदिन पर जीवाणा क्षेत्र में सेवा और जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं व स्थानीय पदाधिकारियों ने सामाजिक सरोकारों के साथ जन्मदिन मनाकर लोगों को सेवा का संदेश दिया। अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष जाकिर खान रंगरेज ने रक्तदान कर मानव सेवा का उदाहरण पेश किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है। इसके साथ ही उन्होंने गौसेवा करते हुए गायों को गुड़ खिलाया और पशुओं की सेवा को भी समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी बताया। कार्यक्रम के दौरान सायला नगर अध्यक्ष नागेश जैन, महिला ब्लॉक अध्यक्ष चम्पा देवी, सुल्तान खान, ब्लॉक सेवादल अध्यक्ष आशु खां पुनावास, नारायण सरगरा, अयूब खां सांगाणा, सदाम राजड़ एवं प्रकाश मेघवाल सायला सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के स्वस्थ, सुखद व दीर्घायु जीवन की कामना की। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जन्मदिन पर एनएसयूआई जालौर जिला अध्यक्ष सुष्मिता गर्ग के नेतृत्व में एनएसयूआई जालौर के साथियों की ओर से गौसेवा कर गायों को चारा खिलाया व साथ ही पक्षियों के लिए पानी पीने हेतु परिंडे लगाए गए। एनएसयूआई जिला कार्यालय पर केक काटकर अशोक गहलोत के दीर्घायु की कामना की। इस दौरान एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष खीमसिंह राठौड़ , वीरवीरम देव कॉलेज एनएसयूआई के अध्यक्ष जयपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष शाहबाज पठान, महिपाल सिंह, विजेंद्र पवार, राहुल चौधरी, सौरव जाटव, मनीष पांचाल, जितेंद्र सिंह, जसवंत कुमार, गणेश सिंह, दीपांशु चौधरी, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## जांगिड़ ब्राह्मण महासभा तहसील फुलेरा की प्रथम साधारण सभा सम्पन्न



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** जांगिड़ ब्राह्मण महासभा, तहसील सभा फुलेरा की प्रथम साधारण सभा का आयोजन रविवार को विश्वकर्मा मंदिर परिसर, फुलेरा में प्रात: 11 बजे नवनिर्वाचित तहसील अध्यक्ष मूलचंद पेडवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सभा में समाज के विकास, संगठन की मजबूती तथा आगामी गतिविधियों को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में भंवरलाल पंवार (हचूकड़ा), महासचिव मोहनलाल जांगिड़ (बून्दवाल), उपाध्यक्ष नवलकिशोर दायमा तथा कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश त्रिपाठी को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि कार्यकारिणी का विस्तार आगामी बैठक में पूर्ण रूप से किया जाएगा। सभा में समाज के कई सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें गोपाललाल पेडवाल (भंदे बालाजी), पूर्व तहसील अध्यक्ष गुलाबचंद हरसोलिया, नरेना सर्किल विकास समिति अध्यक्ष भंवरलाल कासलीवाल, सांभर विश्वकर्मा मंदिर अध्यक्ष रामलाल हर्षवाल, पूर्व फुलेरा अध्यक्ष घनश्याम हर्षवाल सहित चंद्रकांत जांगिड़, मांगीलाल लावण्डीवाल, चतुर्भुज हरसोलिया, लक्ष्मीनारायण, ओमप्रकाश जांगिड़, ओमदत्त शर्मा, छगनलाल धामा, सोहनलाल जांगिड़, बजरंगलाल जांगिड़, भागचंद, कृष्णकांत जाला, राजेश कुमार, राजेंद्र जांगिड़, बद्रीप्रसाद जांगिड़, जगदीश प्रसाद, कैलाशचंद, गोपाल जांगिड़ आदि शामिल रहे। सभा का समापन समाज की एकता, संगठन सुदृढ़ीकरण और आगामी योजनाओं को सफल बनाने के संकल्प के साथ किया गया।

## फुलेरा रेलवे स्टेशन पर शीतल जल सेवा का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** भीषण गर्मी के बीच यात्रियों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत (रजि.), फुलेरा की ओर से पिछले 8 वर्षों की परंपरा को जारी रखते हुए इस वर्ष भी शीतल जल सेवा ( आरओ पानी) का शुभारंभ रविवार को फुलेरा रेलवे स्टेशन पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रह्मवादनी साध्वी कंचन दीदी व आईपीएफ सुरेश मीणा की ओर से एक छोटी कन्या को जल पिलाकर किया गया। इस अवसर पर आगंतुकों का स्वागत भी किया गया, जिसमें साध्वी कंचन दीदी का स्वागत गीतांजलि वासदेव महंत व आरपीएफ मीणा का स्वागत शक्ति सिंह एवं संघ अध्यक्ष अशोक वासदेव ने किया। कार्यक्रम के दौरान संघ की ओर से जल सेवा में सहयोग देने वाले स्वयंसेवकों के लिए विशेष टी-शर्ट का विमोचन भी किया गया। इस सेवा के तहत प्रतिदिन यात्रियों को नि:शुल्क शीतल आरओ जल उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे भीषण गर्मी में राहत मिलेगी। इस अवसर पर रेलवे पेंशनर्स सोसाइटी के पदाधिकारी व सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। साथ ही महिला शक्ति, विद्यार्थी, स्काउट, एनसीसी कैडेट, वरिष्ठजन व दैनिक रेल यात्री भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संघ के संरक्षक शिक्षाविद शक्ति सिंह, भारत भूषण, अमजद हुसैन सिद्दीकी, प्रेम कुमावत, बाबूलाल अजमेरा, बलवीर गुर्जर, विनोद भारतद्वाज, बाबूलाल यादव, प्रमोद खन्ना, शेष नारायण सैनी, वीरेंद्र बंसल, राजेंद्र शर्मा, राकेश वासदेव, एडवोकेट निशांत शर्मा, करतार सिंह, विजय शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, दुर्गा सिंह नरूका, तरण अग्रवाल, अशोक मौर्य, मनीष सचदेवा, संतोष ढोल, रामचंद्र सैन, गोपाल प्रसाद वर्मा, सत्यनारायण शर्मा, नरेंद्र सिंह नरूका, अशोक डेनवाल, नवरतमल शर्मा, अमरचंद प्रजापत, रजनी कुमावत श्रीमती गीता शर्मा, तारा सोनी, प्रेमसेन, मुरलीमनोहर, नीरज सैन सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। जल सेवा का संचालन आगामी दिनों में निरंतर जारी रहेगा, जिससे यात्रियों को गर्मी में बड़ी राहत मिल सकेगी।

## सुधांशु महाराज का 71वां जन्मोत्सव 'उल्लास पर्व' के रूप में मनाया



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निस)।** विश्व जागृति मिशन (विजामि) के संस्थापक व प्रख्यात आध्यात्मिक संत धर्माचार्य सुधांशु जी महाराज का 71वां जन्मदिन जयपुर में उल्लास पर्व के रूप में श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया। इस अवसर पर आदर्श नगर स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर (बीस दुकान) में विशेष धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत आचार्य मोहन लाल शास्त्री और आचार्य विष्णु कुमार शर्मा के सानिध्य में विशेष हवन एवं यज्ञ संपन्न हुआ। इसमें जयपुर मंडल के प्रधान मदनलाल अग्रवाल सहित पदाधिकारी दिनेश गुप्ता, द्वारका प्रसाद मुटरेजा, मदनलाल शर्मा, हेम भार्गव, दिलीप हिरारमानी और अन्य श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यज्ञ में अष्ट चिरंजीवी मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र, गुरु मंत्र, दुर्गा सप्तशती के श्लोक और रामचरितमानस की चौपाइयों के साथ आहुतियां देकर गुरुदेव के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की गई।

इस अवसर पर मंदिर परिसर के बाहर मीठे शरबत की छबील लगाकर राहगीरों को शीतल पेय व प्रसाद वितरित किया गया। साथ ही विश्व जागृति मिशन की आध्यात्मिक विदुषी एवं ध्यान गुरु डॉ. अर्चिका दीदी का विशेष संदेश भी प्रसारित किया गया, जिसमें उन्होंने गुरुदेव के जीवन मूल्यों और आध्यात्मिक मार्गदर्शन पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण जयपुर में संचालित बाल संस्कार केन्द्र के नन्हें कलाकारों की प्रस्तुतियां रहीं। बच्चों ने लघु नाटिका और एकांकियों के माध्यम से सुधांशु जी महाराज के धर्म, अध्यात्म, गीता व उपनिषद के संदेशों के साथ पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

इसके साथ ही पुष्पा भाटिया, शारदा भाटिया, ममता भाटिया, सीमा भाटिया, गुरु चरण, विकास भल्ला, बेला माथुर, राजेंद्र भाटिया, तनिष्का राजावत, चंदा कंवर राजावत, जगदीश शर्मा, ओमप्रकाश कुमावत और फूल मुटरेजा ने भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। श्रद्धालुओं ने सामूहिक नृत्य और भक्ति गीतों के साथ गुरुदेव का जन्मोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया।

## उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ का युवा सम्मेलन आज, कर्मचारियों के मुद्दों पर होगी बड़ी चर्चा

### पुरानी पेंशन बहाली, निजीकरण पर रोक सहित 13 मांगों को लेकर जुटेंगे युवा कर्मचारी

**जयपुर(कास)।** उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ, जयपुर मंडल द्वारा सोमवार 4 मई 2026 को लोको कॉलोनी स्थित कोच केयर कॉम्प्लेक्स परिसर में युवा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में रेलवे कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी और आगे की रणनीति तय की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के जोनल अध्यक्ष एस.आई. जेकब उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही जोनल महामंत्री विनोद मेहता, मंडल अध्यक्ष सौरभ दीक्षित और मंडल मंत्री दीपक वर्मा भी शामिल होंगे। मंडल प्रवक्ता अनिल चौधरी ने बताया कि यह सम्मेलन रेलवे के युवा कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों और उनके साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। सम्मेलन में बड़ी संख्या में जयपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों से युवा कर्मचारी भाग लेंगे। सम्मेलन में प्रमुख रूप से पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाली, एनपीएस/यूपीएस को समाप्त करने, पदों के सृजन पर लगी रोक हटाने, नई भर्तियों और पदोन्नति, रेलवे कोटियों के पुनर्गठन, निजीकरण व ठेकेदारी प्रथा पर रोक, कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं, बोनस और भत्तों से जुड़ी मांगों पर चर्चा की जाएगी। मीडिया प्रभारी एवं यूथ विंग के शाखा अध्यक्ष महेश शर्मा ने बताया कि सम्मेलन में विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श के बाद आगामी आंदोलन और रणनीति की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

## मरैना में 24 मई को निकलेगी भगवान परशुराम शोभायात्रा, बैठक में तैयारियों को अंतिम रूप

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** उपखंड क्षेत्र के मरैना में भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति की बैठक आयोजित कर आगामी शोभायात्रा एवं वाहन रैली के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से समिति के पदाधिकारियों का चयन किया गया और आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में मुकेश हनुमान को शोभायात्रा संयोजक, ओमकांत पहलवान को सह-संयोजक, रिंकू उपाध्याय (सिहोली) को समिति अध्यक्ष, रामू मुद्गल को कोषाध्यक्ष, राजू पहलवान को महामंत्री तथा अमित शर्मा को मंत्री नियुक्त किया गया। समिति ने निर्णय लिया कि परम पूज्य श्री श्री 1008 श्री पागल बाबा के सान्निध्य में 24 मई 2026 (रविवार) को सायं 5 बजे भव्य भगवान परशुराम शोभायात्रा एवं वाहन रैली का आयोजन किया जाएगा। शोभायात्रा संयोजक मुकेश हनुमान ने बताया कि यात्रा इंद्रावली मोड़ स्थित हनुमान जी मंदिर से प्रारंभ होकर मरैना, पहाड़ी, मछरिया, माधोपुरा और सिहोली होते हुए हनुमानपुरा स्थित भगवान परशुराम मंदिर पर समापन करेगी। समिति अध्यक्ष रिंकू उपाध्याय ने बताया कि शोभायात्रा में आकर्षक धार्मिक झांकियां, भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़े और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शामिल होंगी, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। बैठक में डॉ. विष्णु शर्मा, हरिओम शर्मा, राहुल शर्मा, सचिन शर्मा, आशीष शर्मा, अनिकेत शर्मा, दीपक शर्मा, जीतू शर्मा, प्रवीण शर्मा, राजेश शर्मा, दयाकांत शर्मा, प्रशांत शर्मा, सैंकी शर्मा, विकास शर्मा, जितेंद्र पाराशर सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## प्रशासन की आंखों के सामने धधक रहे अवैध ईंट भट्टे, शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** शासन के सख्त निर्देशों के बावजूद राजाखेड़ा क्षेत्र में अवैध ईंट भट्टों का संचालन खुलेआम जारी है। लगातार शिकायतों और समाचारों में मामला उजागर होने के बाद भी जिम्मेदार विभागों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से स्थिति जस की तस बनी हुई है। क्षेत्र में संचालित कई ईंट भट्टे बिना पर्यावरण विभाग की एनओसी और खनिज विभाग की अनुमति के चल रहे हैं। इन भट्टों में बड़े पैमाने पर बिना रॉयल्टी के मिट्टी का अवैध उत्खनन किया जा रहा है, जिससे सरकार को राजस्व हानि हो रही है। भट्टों से निकलने वाला काला धुआं आसपास के वातावरण को प्रदूषित कर रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इससे उन्हें सांस लेने में परेशानी, आंखों में जलन और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद प्रशासन की ओर से कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। मामले को लेकर क्षेत्र में विभागीय चुप्पी पर सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायतें और खबरें सामने आने के बावजूद अधिकारी जांच और कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला टाल देते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई बदलाव नहीं दिखाई देता। स्थानीय निवासियों ने जिला प्रशासन और कलेक्टर से मांग की है कि अवैध ईंट भट्टों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर इस अवैध कारोबार पर रोक लगाई जाए, ताकि पर्यावरण और जनस्वास्थ्य को हो रहे नुकसान को रोका जा सके।



## केन्द्रीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से आवेदन आमंत्रित

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद, जयपुर के तत्वावधान में वर्ष 2026-27 हेतु 66वें केन्द्रीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर माउंट आबू/जयपुर के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि यह शिविर प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में चयनित खिलाड़ियों को विशेषज्ञ प्रशिक्षकों की ओर से आधुनिक तकनीकों के साथ प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित आवेदन पत्र भरकर आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन के लिए खिलाड़ियों की आयु 30 जून 2026 को न्यूनतम 14 वर्ष एवं अधिकतम 17 वर्ष होनी चाहिए। आयु प्रमाण पत्र (जन्म प्रमाण पत्र/स्कूल प्रमाण पत्र) अनिवार्य रहेगा। खिलाड़ी को अपने खेल से संबंधित उपलब्धियों का विवरण आवेदन पत्र में अंकित करना होगा। सहायक प्रशिक्षक ओमप्रकाश गर्ग ने बताया कि आवेदन पत्र राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है या जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र स्टेडियम जालोर से प्राप्त कर पूर्ण भरे हुए आवेदन पत्र को जिला खेल अधिकारी कार्यालय जालोर अथवा निर्दिष्ट पते पर जमा करवाना होगा।

## सैटेलाईट चिकित्सालय में लगेगी सोनोग्राफी मशीन, शुरू होगा लेबर रूम

**जयपुर(कास.)** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार को अजमेर जिले में अस्थाई भवन में संचालित कोटड़ा सैटेलाइट चिकित्सालय का निरीक्षण कर वहां संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अस्थाई भवन में संचालित कोटड़ा सैटेलाइट चिकित्सालय में सोनोग्राफी मशीन संचालित करने और लेबर रूम तैयार करने के निर्देश दिए है ताकि यहां गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव सुविधा विकसित की जा सके। इसी तरह अस्पताल में नि:शुल्क दवा-जांच एवं उपचार के लिए भी अतिरिक्त प्रयास किए जाएंगे। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में आयुष क्लीनक में भी चिकित्सक एवं अन्य स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित होगी। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए है कि गर्मी को देखते हुए चिकित्सालयों में मौसमी बीमारियों की संपूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों से सीधे संवाद कर उपचार, दवा उपलब्धता एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया तथा व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सालय में दवाओं की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी आवश्यक दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें। साथ ही मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ओपीडी पंजीकरण काउंटर को चिकित्सालय परिसर के भीतर छायादार स्थान पर स्थानांतरित करने के निर्देश प्रदान किए। श्री देवनानी ने एनसीडी सहित विभिन्न इकाइयों में कार्मिकों की उपलब्धता एवं कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने जनरल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, शिशु रोग, प्रयोगशाला एवं पैथोलॉजी सेवाओं की स्थिति का अवलोकन करते हुए सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने वार्ड में जाकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा साफ-सफाई, मरीजों की देखभाल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने को निर्देशित किया। ऑपरेशन थिएटर का भी अवलोकन करते हुए वहां उपलब्ध संसाधनों एवं आवश्यकताओं की जानकारी चिकित्सकों से ली और आवश्यक संसाधनों की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विधानसभा अध्यक्ष ने चिकित्सकों को समय पर उपस्थित रहने, मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराने तथा संवेदनशीलता के साथ सेवाएं देने के निर्देश दिए।



# वित्तीय जागरूकता व साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** श्री भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए वित्तीय जागरूकता व साइबर सुरक्षा विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यशाला में सेबी प्रशिक्षक डॉ. मनोज धानिया ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं में वित्तीय साक्षरता का अभाव है, जिसके चलते वे निवेश से जुड़े भ्रमजाल में फंसकर आर्थिक नुकसान उठा बैठते हैं। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से सही समय, सही स्थान व सही तरीके से निवेश करने की जानकारी दी।आरबीआई प्रशिक्षक व केग अधिकारी रमेश अग्रवाल ने साइबर सुरक्षा पर प्रकाश डालते हुए साइबर ठगी के प्रकार, उससे बचाव के उपाय तथा ठगी होने पर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया।प्राचार्य डॉ. एन.एस. नाथावत व प्रशासक प्रमेन्द्र सिंह शेखावत ने विद्यार्थियों को कार्यशाला में मिली जानकारी को जीवन में अपनाने तथा अन्य लोगों को भी जागरूक करने की बात कही।कार्यक्रम का संचालन डॉ. आनंद शर्मा ने किया। इस दौरान स्टाफ सदस्य, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट्स, रेंजर्स-रोवर्स व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहें

# भारत विकास परिषद रतनगढ़ की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण




जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** श्री संचियालाल बैद माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर रतनगढ़ में हुए शपथ ग्रहण समारोह में भारत विकास परिषद रतनगढ़ शाखा की नवीन कार्यकारिणी के अध्यक्ष परमेश्वर लाल आत्रेय, शाखा सचिव जयाकांत बिंवाल, वित सचिव राकेश कुमार, सेवा संयोजक दौलत राम दायमा, सम्पर्क प्रमुख कल्याण सिंह चारण,शुकदेव सांखोलिया , हिमांशु मालपुरिया व सदस्यों को प्रांतीय संयोजक सेवा प्रमुख निरंजन चोटियां ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता और सरस्वती माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर और वंदे मातरम् गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर हुए कार्यक्रम में निरंजन चोटियां, मदनलाल कम्मा, उमेश चंद्र चौहान जिला समन्वयक, वासुदेव चाकलान संरक्षक स्थानीय शाखा रतनगढ़ का स्वागत स्थानीय शाखा के कल्याण सिंह, विनोद वर्मा, कमलेश दत्त शर्मा, कैलाश आत्रेय ने दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। परिषद के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण टेलर ने सभी का आभार व्यक्त किया।राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का सम्मापन हुआ। समापन के पश्चात सदस्यों की ओर से मुक पक्षियों के लिए श्री कृष्ण गोशाला रतनगढ़ में परिण्डे लगाए। इस अवसर पर परिषद परिवार के रामगोपाल पारीक, बनवारीलाल जांगिड़ विनोद चौमाल, पवन माटोलिया दिनेश चंद्र शर्मा, राजेन्द्र भारद्वाज, कमलेश दत्त शर्मा, पवन महर्षि, गोपाल हरितवाल, देवेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। संचालन कोषाध्यक्ष राकेश कुमार नायक ने किया।

# परमाणाताल के पास नया ट्रांसफार्मर लगा, शास्त्रीनगर में कम वोल्टेज से मिलेगी राहत

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर के शास्त्रीनगर क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही कम वोल्टेज की समस्या के समाधान की दिशा में जोधपुर डिस्कॉम ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मोहल्लेवासियों की मांग पर परमाणाताल के पास 63 केवी का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है, जिससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति में सुधार की उम्मीद है। डिस्कॉम अधिकारियों के अनुसार, चौधरी वेल के पास पहले से लगे ट्रांसफार्मर का अतिरिक्त लोड अब नए ट्रांसफार्मर पर स्थानांतरित किया जाएगा। इससे ओवरलोडिंग की समस्या कम होगी और विद्युत आपूर्ति अधिक सुचारू रूप से हो सकेगी। गर्मी के मौसम में चौधरी कुआ क्षेत्र में कम वोल्टेज की समस्या गंभीर रूप ले लेती थी। अधिक लोड के कारण ट्रांसफार्मर की केबलें बार-बार जल जाती थीं, जिससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित होती थी और उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को लेकर मोहल्ले के लोगों ने हाल ही में जोधपुर डिस्कॉम को लिखित शिकायत दी थी। इसके बाद विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नया ट्रांसफार्मर लगाने का निर्णय लिया। डिस्कॉम के जेईएन राकेश जोशी ने बताया कि शनिवार को ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया है और रविवार को इस पर लोड शिफ्ट करने की प्रक्रिया जारी है। इसके पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों को कम वोल्टेज और बार-बार बिजली बाधित होने की समस्या से राहत मिलेगी।



# जिला स्तरीय ताईक्वांडो कलर बेल्ट व ब्लेक बेल्ट टेस्ट का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** गांधी बाल निकेतन स्कूल में रविवार को ताईक्वांडो कलर बेल्ट वं ब्लेक बेल्ट टेस्ट का आयोजन किया गया। इस आयोजन में चार तहसीलों के 120 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम में रतनगढ़, राजगढ़, चूरू व सरदारशहर की टीमों ने भाग लिया। बेल्ट ग्रेडिंग सुधारने के लिए बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर प्रशिक्षक कोमल सोनी, मनीष सैन, विनोद नामदेव, परितोष सागु ने प्रशिक्षण दिया। कोच ने बताया कि ताइक्वांडो न केवल एक खेल है, यह बच्चों के सर्वांगीण विकास व आत्म विश्वास के लिए आवश्यक है। जिले में बढ़ता ताईक्वांडो का क्रेज आने वाले समय में राष्ट्रीय पदक विजेताओं की राह प्रस्तुत करेगा।

# 21 सेंटर पर 6,483 अभ्यर्थियों ने दी नीट-परीक्षाः चेकिंग के बाद मिली एंट्री

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** झुंझुनूं में मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए देश की सबसे बड़ी परीक्षा नीट (यूजी) आज जिलेभर में आयोजित की जा रही है। झुंझुनूं शहर सहित नवलगढ़, मुकुंदगढ़, बिसाऊ और चिड़ावा के कुल 21 केंद्रों पर दोपहर 2 बजे से परीक्षा हो रही है। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच सुबह 11 बजे से ही परीक्षार्थियों का प्रवेश शुरू कर दिया गया था, जो दोपहर 1:30 बजे तक चला।

## कड़ी सुरक्षा और ड्रेस कोड की पालना

परीक्षा केंद्रों पर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (ह्न्न) के नियमों की सख्त पालना देखी गई। अभ्यर्थियों को केवल हाफ बाजू की शर्ट, टी-शर्ट और साधारण पेंट या ट्राउजर में ही प्रवेश दिया गया। जूतों की जगह सैंडल और चप्पल पहनकर आए छात्र-छात्राओं को ही अंदर जाने की अनुमति मिली। प्रवेश द्वार पर गहन चेकिंग के साथ-साथ बायोमेट्रिक रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी की गई। शहर के 17 केंद्रों सहित जिले के अन्य केंद्रों पर सुबह से ही परीक्षार्थियों और उनके परिजनों का जमावड़ा लगा रहा। भीषण गर्मी के बावजूद अभिभावक केंद्रों के बाहर पेड़ों की छांव और ठंडी जगह तलाशते नजर आए। परीक्षार्थियों के लिए रोडवेज बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा दी गई है। झुंझुनूं डिपो के मुख्य प्रबंधक गिरीराज स्वामी ने बताया कि भारी भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त बसें संचालित की जा रही हैं। बिजली-पानीः कलेक्टर के निर्देशानुसार परीक्षा केंद्रों के आसपास बिजली गुल न हो, इसके लिए टीमें अलर्ट पर हैं। परीक्षार्थियों को पारदर्शी बोतल में पानी ले जाने की छूट दी गई है।



# गहलोत के जन्मदिवस पर सेवा के रंगः गौसेवा और परिंडे लगाकर दिया समाजसेवा का संदेश

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जननायक अशोक गहलोत के जन्मदिवस के अवसर पर सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न सेवा कार्यों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व निवर्तमान चेयरमैन एवं राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव पायल सैनी ने किया, जिसमें सेवा, संवेदना और जनकल्याण की भावना प्रमुख रूप से देखने को मिली। इस अवसर पर गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों के साथ सादगीपूर्ण तरीके से केक काटकर जन्मदिवस मनाया गया। बच्चों को फल एवं जूस वितरित किए गए, जिससे उनके चेहरों पर खुशी और उत्साह दिखाई दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों के साथ खुशियाँ साझा करना रहा। कार्यक्रम के तहत नंदीशाला में गौवंश को हरा चारा खिलाकर गौसेवा की गई। साथ ही पक्षियों के लिए परिंडे लगाकर भीषण गर्मी में जीव-जंतुओं के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन का संदेश दिया गया। आयोजकों ने इसे मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा एक महत्वपूर्ण कदम बताया। पायल सैनी ने इस मौके पर कहा कि अशोक गहलोत का जीवन सेवा, समर्पण और जनकल्याण की राजनीति का प्रतीक रहा है। उनके नेतृत्व में चलाई गई मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना, मुफ्त दवा एवं जांच योजना तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी योजनाओं ने लाखों जरूरतमंद परिवारों को राहत और सुरक्षा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि गहलोत जनमानस में गरीबों के मसीहा के रूप में स्थापित हैं। उन्होंने कहा कि जन्मदिवस को समाजसेवा के कार्यों के माध्यम से मनाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है और उनके आदर्शों पर चलते हुए आगे भी इसी प्रकार के सेवा कार्य निरंतर जारी रखे जाएंगे। इस अवसर पर सरोज सैनी, चंदा शर्मा, जया शर्मा, गुंजन शर्मा, सुमित्रा कंवर, कनिशा राठौर, सुमन, रामेश्वर नायक, आबिद जबसारिया, प्रवीण शर्मा, मनीष कुमावत, यूनुस खान, जाफर खान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# प्रशासनिक अधिकारियों का सशक्तिकरण सम्मेलन आयोजित

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** ब्रह्माकुमारीज के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू के प्रशासनिक प्रभाग व प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में - कर्म योग द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों का सशक्तिकरण सम्मेलन.. लुहारगाड़ा स्थित स्थानीय केंद्र पर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि तहसीलदार गिरधारी लाल पारीक, जोधपुर से मुख्यय वक्ता बी के सुचिता, बी के शील दीदी. माउंट आबू से बसंती, चूरू से बीके सुमन ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। बीके सुचिता ने स्लाइड के माध्यम से उपस्थित सभा को कार्य करते हुए तनाव से मुक्त रहने के उपाय बताए। बीके मीनू ने खेल के माध्यम से सभी को कार्यक्षेत्र में परिवार में प्यार से रहने की शिक्षा दी और कहा कि अपने दिल में बात दबा के नहीं रखना, अपने प्रियजनों को शेयर करनी चाहिए। बीके शील दीदी ने सभी को परमात्मा की अनुभूति कराई और कहा कर्म करते हुए परमात्मा की याद रहेगी तो वह कार्य अच्छा होगा और उसमें सफलता मिलेगी। तहसीलदार गिरधारी लाल पारीक ने कहा आज से 40 साल पहले ऐसी शिक्षा की जरूरत नहीं होती थी, क्योंकि उस समय मनुष्य कर्म करते हुए भगवान को याद करता था। जिस कारण उनके अंदर दिव्य गुण होते थे, लेकिन आज इस मोबाइल में अपने अंदर इतना बिजी कर लिया है कि सुबह उठते ही मोबाइल और रात को सोने तक मोबाइल। इसलिए परमात्मा को याद करने के लिए उनके पास समय ही नहीं बचता। इसलिए ऐसे कार्यक्रमों की हमें जरूरत पड़ती है। बैंककर्मी सुधीर कुमार, जनार्दन जांगिड़ ने बांसुरी वादन कर अपनी कला का प्रदर्शन किया और ब्रह्माकुमारीज की ओर से किए जा रहे समाज सुधार के कार्य की सराहना की। ब्रह्मकुमारी सेवा केंद्र की बी. के. सुप्रभा ने बताया कि कार्यक्रम में व्यक्तियो ने भाग लिया। आबु से बीके दिव्या, बीके अमिता, बी के रंजीता, प्रशासक सविता राठी, सीताराम शर्मा, करणी सिंह शेखावत, जनार्दन जांगिड़ गणेशमल सोमानी, रामाकिशन जांगिड, विद्याप्रकाश पारीक, राजेश सुंदरियां, सुभाष बेदी, गिरधारी लाल जांगिड, बजरंग सैन आदि उपस्थित रहे।



# सांसद दामोदर अग्रवाल आज बिजौलियां दौरे पर

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** लोकसभा सचेतक व भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल सोमवार को एक दिवसीय दौरे पर बिजौलियां पहुंचेंगे । सांसद प्रवक्ता पंकज जैन ने बताया कि सांसद अग्रवाल सायंकाल 5.30 बजे बिजौलियां की ऐतिहासिक धरोहर प्राचीन मंदाकिनी महादेव मंदिर पहुंचेंगे। वहां दर्शनों के पश्चात व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर मंदिर पदाधिकारियों व उपस्थित नगरवासियों से मुलाकात करेंगे। इसके पश्चात सायंकाल 6.30 बजे आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस दौरान मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल सहित भाजपा कार्यकर्ताओं की भी उपस्थित रहेगी।

# चुना चौक में राम जन्मोत्सव पर उमड़ा आस्था का सैलाब

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** शहर के चुना चौक स्थित रामलीला पार्क में आयोजित 'श्री राम कथा अमृत वर्षा' के तहत रविवार को राम जन्म महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कथा स्थल पर भगवान श्रीराम के जन्म प्रसंग के दौरान पूरा पंडाल 'जय श्रीराम' के जयघोष से गूंज उठा और वातावरण भक्तिमय हो गया।भव्य सजावट, मंगल ध्वनि, झुनझुनियों की गूंज और बाल स्वरूप झांकियों ने कार्यक्रम को विशेष आकर्षण प्रदान किया। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो पूरा परिसर त्रेतायुग के दृश्य में परिवर्तित हो गया हो। प्रख्यात कथावाचक धर्मदास महाराज ने भगवान श्रीराम के जन्म की भावविभोर कर देने वाली कथा सुनाई। उन्होंने भजनों और बाल लीलाओं के प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति में सराबोर कर दिया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा, त्याग और सेवा का आदर्श प्रस्तुत करता है, जिससे सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। कथा के दौरान महिलाओं और बच्चों को झुनझुने व खिलौने वितरित किए गए, जिससे उत्साह और बढ़ गया। श्रद्धालु पूरे समय भक्ति भाव में डूबे नजर आए और कथा स्थल राममय वातावरण में सराबोर रहा। कार्यक्रम के मुख्य यजमान सेहीं कला (सूरजगढ़) के समाजसेवी अरुण शर्मा सपत्नी रहे, जिन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर कथा का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर डॉ. मनोज सिंह टीकेएन, सुरेंद्र अग्रवाल, विनोद सिंघानिया, शिवचरण पुरोहित, सुरेंद्र शर्मा, जगदीश खाजपुरिया, बिनोद पुजारी, पवन शर्मा देरवाला, डॉ. विधा पुरोहित, डॉ. भावना शर्मा, अनिता सैनी, गायत्री शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# बेजुबान पक्षियों के लिए परिंदे लगाए



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** झुंझुनूं मार्ग स्थित श्री बालाजी के पास वार्ड नंबर 10 में बेजुबान पक्षियों के लिए परिंदें लगाए गए। इस शुभ अवसर पर पर्यावरण प्रेमी एवं पक्षीमित्र संजय शर्मा, साक्षी व्यास, कनक शर्मा, रीना शर्मा, सोनू शर्मा ने परिंदा लगाया और भीष्ण गर्मी को देखते हुए परिंदे में नियमित पानी भरने की शपथ ली। इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमी संजय शर्मा ने बताया कि मानव का धर्म केवल दूसरों की सेवा करने का ही है। इसलिए हमे ज्यादा से ज्यादा पुनीत कार्य में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस मौके पर साक्षी व्यास और कनक शर्मा ने बताया कि मई जून के महीने में व्यक्ति को ज्यादा से ज्यादा पुण्य धर्म के काम करने चाहिए। खासकर बेजुबान पक्षी ओर पशु की तन मन धन से सेवा करनी चाहिए। बेजुबान पक्षियों की सेवा करने से भगवान भी खुश होते है। इसलिए हमे खुद से शुरुवात कर दूसरों को भी पुनीत कार्य में शामिल होना चाहिए।

# लोजपा दिल्ली अध्यक्ष ने किए बालाजी के दर्शन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** लोजपा पार्टी दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष शंकर मिश्रा के सुजानगढ़ आगमन पर गांधी आश्रम के अध्यक्ष सुभाष बैदी ने उनका स्वागत किया। मिश्रा ने सपत्नीक डूंगर बालाजी धाम पहुंचकर बालाजी महाराज के दर्शन कर पूजा अर्चना की। मंदिर के पुजारी प्रकाश पुजारी ने मिश्रा को पूजा अर्चना करवाई। इस अवसर पर देश प्रदेश में अमन चैन खुशहाली के लिए मिश्रा ने प्रार्थना की।

# सिरियासर में गहलोत का जन्मोत्सव सेवा कार्यों के साथ मनाया, परिंदों के लिए लगाए परिंडे

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से रविवार को गांव सिरियासर में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जन्मोत्सव सेवा कार्यों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं मंडावा विधायक कुमारी रीटा चौधरी के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने बेजुबान परिंदों के लिए पानी के परिंडे लगाए तथा राहगीरों को गन्ने का जूस पिलाकर गर्मी में राहत पहुंचाई। साथ ही गहलोत के जन्मदिन पर शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि भीषण गर्मी के चलते प्रतिदिन पक्षियों के लिए दाना-पानी और छांव की व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इस मौके पर समसाद खान ने कहा कि गर्मी के मौसम में बेजुबान जीवों के लिए पानी और भोजन की व्यवस्था करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है और सभी को इसमें भागीदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम में ब्लॉक उपाध्यक्ष मनीष कुमार लोयल, मंडल उपाध्यक्ष सुनील फौजी, कुंदन सिंह पिलानियां, पवन कुमार लोयल, राजू बेनीवाल, बाबूलाल मीणा, मुकेश मीणा, जुनैद खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# कुम्हार कर्मचारी व समाज सेवा समिति के चुनाव सम्पन्न

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** जिला मुख्यालय स्थित किसान कॉलोनी के प्रस्तावित कुम्हार प्रजापति छात्रावास में रविवार को हरिराम दादरवाल की अध्यक्षता में कुम्हार कर्मचारी व सेवा समिति जिला झुंझुनूं की कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। समिति सचिव पंकज किरोड़ीवाल ने दो वर्ष में कार्यकारिणी की ओर से किए गए कार्यों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि समिति के गठन को दो वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। आगामी 17 मई को नई कार्यकारिणी समिति के सदस्यों की ओर से विधिवत् रूप से चुनी जाएगी। समिति सदस्य मुरारीलाल बागोरिया के व्याख्याता बनने पर उनका स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर हरीश कुमार, ओमप्रकाश, महेंद्र कुमार कर सलाहकार, हीरालाल निराधनु, रामकुमार, मुरारी बागोरिया, रोहिताश गोलवा एवं अजय कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



## CHNAGE OF NAME

I RAJ KUMAR DADHEECH S/O GANESH NARAYAN DADHEECH R/O CHUNGI CHOKI KE SAMNE, SUJANGARH, DIST.- CHURU, HAVE CHANGED MY NAME TO RAJKUMAR DADHICH AND MY FATHER NAME TO GANESH NARAYAN DADHICH FOR ALL FUTURE PURPOSE AND PASSPORT PURPOSE

# टोरेंट पावर की खुदाई में टूटी जलदाय पाइपलाइन, लाखों लीटर पानी बहा; कॉलोनीवासियों ने जताया विरोध

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** शहर के वार्ड नंबर 1 स्थित अंबेडकर कॉलोनी और माधव नंद कॉलोनी में टोरेंट पावर के कार्य के दौरान जलदाय विभाग की पाइपलाइन टूटने से लाखों लीटर पानी सड़कों पर बह गया। घटना के बाद क्षेत्र में जलापूर्ति बाधित हो गई, जिससे कॉलोनीवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों के अनुसार टोरेंट पावर द्वारा किए जा रहे खुदाई कार्य के दौरान आवश्यक सावधानियां नहीं बरती गईं, जिसके चलते पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। कुछ ही देर में सड़क पर पानी भर गया और काफी मात्रा में पानी यूं ही बहता रहा। घटना के बाद क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त हो गया। गुस्साए लोगों ने मौके पर टोरेंट पावर और नगर परिषद के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की। अजय बिलोनिया ने बताया कि कार्य के दौरान न तो पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम किए गए थे और न ही चेतावनी संकेत लगाए गए थे, जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ था। स्थानीय निवासियों का कहना है कि टोरेंट पावर द्वारा इस तरह की लापरवाही पहले भी सामने आ चुकी है, लेकिन प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनी नियमों की अनदेखी करते हुए कार्य कर रही है, जिससे आमजन को बार-बार परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों ने मांग की है कि किसी भी कार्य को शुरू करने से पहले संबंधित विभागों के साथ समन्वय सुनिश्चित किया जाए और सभी सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। हालिया घटना ने शहर में टोरेंट पावर के कार्यों को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते इस प्रकार की लापरवाहियों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। विरोध प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

## बलाना गौशाला में हरे चारे का वितरण



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** क्षेत्र में गौसेवा और जीव दया की भावना को सशक्त करते हुए बलाना स्थित श्री चामुण्डा माता जी गौशाला में 'संकल्प ही सेवा, जीव दया' कमेटी के तत्वावधान में हरे चारे का वितरण किया गया। आयोजन ने सामाजिक सरोकार और संवेदनशीलता का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम में ग्राम विकास अधिकारी व पाली जिला संघ अध्यक्ष भगवत सिंह राठौड़ (बलाना) के नेतृत्व में बड़ी संख्या में समाजसेवी और ग्रामीण एकत्रित हुए। सभी ने गौशाला पहुंचकर गायों को हरा चारा खिलाया और गौसंरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। इस अवसर पर नरेन्द्र सिंह राठौड़, रोमेन्द सिंह, युवराज सिंह, वीरेंद्र सिंह, भैरु सिंह, ललित दास, लक्ष्मण सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, नवीन सिंह, शक्ति सिंह, हर्षवर्धन सिंह और महेशपाल सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे वक्ताओं ने कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति की मूल भावना है और 'संकल्प ही सेवा' जैसे अभियान समाज में करुणा, सहयोग और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। ऐसे आयोजन न केवल पशु संरक्षण को बढ़ावा देते हैं, बल्कि युवाओं को भी सेवा कार्यों से जुड़ने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने गौशाला के विकास और निरंतर सहयोग का संकल्प लेते हुए भविष्य में भी इसी तरह के सेवा कार्यों को जारी रखने का आह्वान किया।

## प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ के आवास पर संगठनात्मक 'मंथन', बूथ सशक्तिकरण पर फोकस



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर/जयपुर(निस)।** राजस्थान भाजपा में संगठनात्मक मजबूती को लेकर हलचल तेज हो गई है। रविवार को मदन राठौड़ के जयपुर स्थित आवास पर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की अहम बैठक हुई, जिसमें संगठन को जमीनी स्तर तक और सशक्त बनाने के लिए रणनीतिक मंथन किया गया। बैठक में समसामयिक राजनीतिक परिस्थितियों के साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में डॉ. महेंद्र कुमावत, छगन सिंह माहिर तथा सुमेरपुर क्षेत्र से जुड़े कार्यकर्ता भरत मेवाड़ा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने संगठन की मजबूती, बूथ स्तर पर सक्रियता और जनसंपर्क अभियान को तेज करने के सुझाव रखे। प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि पार्टी की वास्तविक ताकत बूथ स्तर का कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि आमजन से सीधा संवाद और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता देना ही संगठन को मजबूत बनाता है। राठौड़ ने कार्यकर्ताओं से सकारात्मक राजनीति और सेवा भाव के साथ मैदान में सक्रिय रहने का आह्वान किया। बैठक के बाद कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह नजर आया। सभी ने एकजुट होकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## तीन दशक की सेवाओं को किया नमनः उप प्रधानाचार्य नरेंद्र मीणा का सम्मान समारोह

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** स्थानीय जैन धर्मशाला में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भैंसेंना के उप प्रधानाचार्य नरेंद्र मीणा की शिक्षा विभाग में तीन दशक की सराहनीय सेवाओं को याद करते हुए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने नरेंद्र मीणा के कार्यकाल को अनुकरणीय बताते हुए उनके योगदान की सराहना की। पूर्व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बिजेंद्र सिंह त्यागी ने कहा कि उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में समर्पण, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ उत्कृष्ट सेवाएं दीं, जो अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणादायक हैं। मुकेश सूतैल ने उन्हें एक अनुशासित, कर्मठ और ईमानदार लोकसेवक के रूप में याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यों से शिक्षा व्यवस्था को मजबूत किया। अन्य वक्ताओं–राजेंद्र त्यागी, सम्पतराम मीणा, तेजेंद्र सिंह, दुर्गेश कुमार, विनोद कुमार, राघवेंद्र सिंह, नीरज कुमार, भूपेंद्र सिंह राणा, इटारसी खान, संजीव श्रीवास्तव और विनोद पाठक ने भी उनके व्यक्तित्व और कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थियों के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य किया। समारोह के अंत में नरेंद्र मीणा ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सहकर्मियों का स्नेह और सहयोग उनकी सेवा यात्रा की सबसे बड़ी पूंजी रहा है। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ

## सैंपऊ पुलिस की बड़ी कार्रवाईः 4 अवैध देशी कट्टों के साथ आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सैंपऊ थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को चार अवैध देशी कट्टों सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 315 बोर के हस्तनिर्मित हथियार बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा और वृत्ताधिकारी अनूप यादव के सुपरविजन में थानाधिकारी प्रमेन्द्र रावत के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार 3 मई 2026 को सहायक उपनिरीक्षक दिनेश सिंह मय टीम गश्त पर थे। इस दौरान रजौरा खुर्द टोल क्षेत्र में डीएसटी प्रभारी से मिली सूचना के आधार पर घुघरई पुलिया से दौनारी की ओर जाने वाले नहर मार्ग पर एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास पिट्ठू बैग से सफेद कपड़े में लिपटे चार अवैध देशी कट्टे 315 बोर बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम बेताल सिंह पुत्र मुरारी लाल (38) निवासी चॉडी थाना कागारौल, जिला आगरा (उत्तरप्रदेश) बताया। आरोपी के पास हथियार रखने या ले जाने का कोई वैध लाइसेंस या अनुमति नहीं थी।

### सांडेराव में 180 मेधावियों का सम्मान

## शिक्षा ही समाज की असली ताकतः जोराराम

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(पाली)।** गोडवाड़ अंचल के सांडेराव में रविवार को कुमावत समाज ने शिक्षा और प्रतिभा को सम्मान देने का ऐसा उदाहरण पेश किया, जिसने पूरे क्षेत्र का ध्यान खींचा। निंबेश्वर महादेव मार्ग स्थित धर्मशाला में 'कुमावत विकास समिति' और 'शिक्षा विकास समिति' के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भव्य समारोह में 180 प्रतिभाओं का सम्मान कर समाज ने शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के पशुपालन एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने मेधावी छात्रों को स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### 'शिक्षा ही बदलती है समाज की तस्वीर

अपने संबोधन में मंत्री कुमावत ने साफ कहा कि शिक्षा ही वह शक्ति है, जो समाज को नई दिशा देती है। उन्होंने कहा कि धर्मशालाएं केवल भवन नहीं, बल्कि ज्ञान और संस्कारों के केंद्र बननी चाहिए। विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि संघर्ष, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता का मूल मंत्र है।

### प्रशासनिक सेवाओं के लिए जगाई अलखः

विशिष्ट अतिथि कालूराम कुमावत ने युवाओं को प्रशासनिक सेवाओं की ओर प्रेरित करते हुए कहा कि ग्रामीण पृष्ठभूमि के छात्र भी बड़े सपने साकार कर सकते हैं, जरूरत है निरंतर मेहनत और धैर्य की।

### समाज की एकजुटता का दिखा दमः

समारोह को सफल बनाने में शिक्षा विकास समिति के अध्यक्ष भूराराम मालवीय, जगदीश मालवीय सहित पूरी टीम का विशेष योगदान रहा।

## मित्तल कॉलोनी में खुला सीवर मैनहोल बना खतरा, नगर परिषद की लापरवाही से हादसे की आशंका

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** शहर की मित्तल कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर नगर परिषद की लापरवाही सामने आई है, जहां सीवर लाइन का मेन मैनहोल खुला पड़ा है। व्यस्त मार्ग पर स्थित इस खुले गड्ढे के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन जिम्मेदारों ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। स्थानीय निवासी अजय बिलोनिया ने बताया कि यह रास्ता सिविल लाइन क्षेत्र का प्रमुख मार्ग है, जहां दिनभर वाहनों और आमजन की आवाजाही रहती है। ऐसे में खुले मैनहोल के कारण राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों और बच्चों के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। क्षेत्र में जलभराव की समस्या भी बनी हुई है, जिससे मैनहोल और भी खतरनाक हो गया है। विशेष रूप से रात के समय यह गड्ढा दिखाई नहीं देता, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार नगर परिषद को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे क्षेत्रवासियों में नाराजगी है और वे इसे गंभीर लापरवाही मान रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल मैनहोल का ढक्कन लगवाकर समस्या का समाधान किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। उन्होंने चेतावनी दी है कि समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो यह लापरवाही बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

## ग्राम रथ अभियान के तहत कुकरा माकरा में संध्या चौपाल, योजनाओं की जानकारी पहुंची गांव तक

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिले की सैंपऊ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत कुकरा माकरा में शनिवार को ग्राम रथ अभियान के तहत संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी बंशीधर योगी ने की। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। चौपाल में अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए योजनाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी ली तथा उनकी समस्याओं और सुझावों को भी सुना। उपखंड अधिकारी ने बताया कि ग्राम रथ अभियान का उद्देश्य कृषकों, पशुपालकों और ग्रामीणों तक योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी सरल एवं प्रभावी तरीके से पहुंचाना है, ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ ले सकें। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत राज्य सरकार के 13 विभागों की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रचार सामग्री और साहित्य का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोक कलाकारों व कला जत्थों ने कठपुतली, गीत-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से योजनाओं का संदेश रोचक ढंग से पहुंचाया। वहीं एलईडी वैन के जरिए योजनाओं से संबंधित वीडियो फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिससे ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी आसानी से समझ में आई। कृषि विभाग के सहायक निदेशक प्रभु दयाल शर्मा ने विभागीय योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए किसानों से इनका लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## वन्यजीव गणना के दौरान दिखे 30 से अधिक काले हिरण

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य, धौलपुर के अंतर्गत नाका समोना क्षेत्र में हाल ही में आयोजित वन्यजीव गणना के दौरान 30 से अधिक ब्लैकबक (काला हिरण) देखे गए हैं। काला हिरण घासभूमि पारिस्थितिकी तंत्र की एक महत्वपूर्ण व संवेदनशील प्रजाति है, जिसकी उपस्थिति क्षेत्र की स्वस्थ पारिस्थितिकी का संकेत देती है। काला हिरण मध्यम आकार का अत्यंत आकर्षक मृग है, जिसमें स्पष्ट लैंगिक भिन्नता पाई जाती है। वयस्क नर का रंग गहरे भूरे से काले तक होता है तथा इसके सर्पिल सींग होते हैं, जबकि मादा हल्के पीले-भूरे रंग की होती है और सामान्यतः बिना सींग की होती है। यह प्रजाति मुख्यतः घासभूमि, झाड़ीदार एवं अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में पाई जाती है तथा खुले मैदानों को अधिक पसंद करती है। यह एक दिवाचर व शाकाहारी प्रजाति है, जो मुख्यतः घास व कोमल वनस्पतियों पर निर्भर रहती है। काला हिरण सामान्यतः समूहों में रहता है, जिनका आकार मौसम व भोजन की उपलब्धता के अनुसार बदलता रहता है। ऐतिहासिक रूप से काला हिरण राजस्थान में व्यापक रूप से पाया जाता था, किन्तु वर्तमान में यह सीमित एवं खंडित आवासों में ही देखा जाता है। हालांकि, संरक्षण प्रयासों के कारण कुछ क्षेत्रों में इसकी संख्या में वृद्धि भी दर्ज की गई है। धौलपुर क्षेत्र व राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य में काला हिरण के अतिरिक्त नीलगाय, चीतल, सांभर, चौसिंगा व चिंकारा जैसे अन्य मृग भी पाए जाते हैं, जो इस क्षेत्र की जैव विविधता को समृद्ध बनाते हैं। वन विभाग की ओर से अभयारण्य क्षेत्र में नियमित गश्त, अवैध शिकार पर नियंत्रण, आवास संरक्षण, जल स्रोतों का विकास तथा स्थानीय समुदाय के सहयोग से वन्यजीव संरक्षण के प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। इन सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप काला हिरण जैसी संवेदनशील प्रजातियों की पुनः उपस्थिति एवं संरक्षण संभव हो पाया है। यह अवलोकन न केवल अभयारण्य की पारिस्थितिक गुणवत्ता को दर्शाता है, बल्कि यह भी इंगित करता है कि उचित संरक्षण व प्रबंधन से दुर्लभ प्रजातियों की वापसी संभव है। वन विभाग भविष्य में भी ऐसे संरक्षण प्रयासों को निरंतर जारी रखेगा।

## गहलोत का 75वां जन्मदिन 'सेवा संकल्प' के नाम

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(पाली)।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के 75वें जन्मदिवस पर सुमेरपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजनीति से हटकर सेवा का संदेश देते हुए अनोखी पहल की। नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में जन्मदिन को 'सेवा और संकल्प दिवस' के रूप में मनाते हुए कार्यकर्ताओं ने गौसेवा कर समाज में सकारात्मक सोच का संचार किया। कार्यक्रम के तहत सुमेरपुर स्थित कामधेनु गोशाला (थलवा जाव) में गौ माता को हरा चारा और गुड़ खिलाकर सेवा कार्य किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पशु संरक्षण और सेवा भावना को समाज की प्राथमिकता बनाने का संदेश भी दिया। नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष मेवाड़ा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने एकजुट होकर गौसेवा करते हुए सामाजिक सरोकारों को मजबूत करने का संकल्प लिया. इस मौके पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष करण सिंह मेड़तिया, जिला महासचिव जाफर सिलावट, महेश परिहार, वरिष्ठ कांग्रेसी अनील शाह, जोबसिंह परमार, बरकत अली, प्रवीण सिंह भाटी, हिम्मत गहलोत, मुकेश भारती, पार्षद चतरा राम, गोविंद राठौड़, हर्षद देवड़ा, इंद्र सिंह वालिया, रूपाराम मीणा, अमृतलाल, छोटू खान और चंपालाल मेधवाल सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## अस्मिता फुटबॉल लीग में धौलपुर की बेटियों का दमदार प्रदर्शन, पेनल्टी में बीकानेर को हराया

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** केंद्र सरकार के खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत राजसमंद में आयोजित अस्मिता फुटबॉल लीग 2025-26 में धौलपुर की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। टीम ने अपने खेल से न केवल दर्शकों को प्रभावित किया, बल्कि जिले का नाम भी राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष गुरमीत मान ने बताया कि धौलपुर की टीम ने राजसमंद के खिलाफ 4-0 से प्रभावशाली जीत दर्ज की। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में देश के प्रतिष्ठित क्लब एमएसआर बीकानेर के खिलाफ कड़ा मुकाबला खेला। निर्धारित समय तक मैच 1-1 से बराबरी पर रहा, जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट में धौलपुर की टीम ने 4-2 से जीत हासिल कर अपनी मजबूती साबित की। टीम ने एक ही दिन में तीन मुकाबले खेले, जिसमें खिलाड़ियों ने थकान के बावजूद बेहतरीन प्रदर्शन किया। तीसरे मैच में झुंझुनूं के खिलाफ मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा, लेकिन पेनल्टी शूटआउट में टीम को 4-2 से हार का सामना करना पड़ा। गुरमीत मान ने बताया कि धौलपुर में शहीद भगत सिंह फुटबॉल प्रीमियर लीग के बाद फुटबॉल का अच्छा माहौल तैयार हुआ है। पहले जहां बालिका वर्ग में टीम बनाना भी चुनौती था, वहीं अब धौलपुर की बेटियां राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। अस्मिता फुटबॉल लीग में पहली बार मिले अवसर का खिलाड़ियों ने पूरा फायदा उठाया और अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। धौलपुर टीम में सुरभि, नंदिनी, तन्वी, मानसी, रक्षिता, रूबी, राधिका, शिखा, छोटी, आचिका, मनप्रीत, कामिनी, शिल्पी, शिवानी, सोनम और वंदना शामिल रहीं।

## संगठन बढ़ाओ, लोकतंत्र बचाओ' बैठक में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन, सरकार पर चुनाव टालने के आरोप

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिला कांग्रेस कमेटी धौलपुर की ओर से 'संगठन बढ़ाओ, लोकतंत्र बचाओ' अभियान के तहत जिला स्तरीय बैठक का आयोजन रविवार को सेपऊ रोड स्थित संधू पैलेस में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक संजय कुमार ने की। कार्यक्रम में प्रदेश और जिला स्तर के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में संगठन की मजबूती और आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जिला संगठन सहप्रभारी भूपेंद्र भारद्वाज ने कहा कि प्रदेश में पंचायत और स्थानीय निकाय चुनाव नहीं कराकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। विधायक रोहित वोहरा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सशक्त संगठन आवश्यक है। अभियान के तहत जिले के प्रत्येक ब्लॉक, मंडल और बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जाएगा तथा आने वाले समय में यह अभियान तहसील और ग्राम पंचायत स्तर तक पहुंचाया जाएगा। विधायक शोभा रानी कुशवाहा ने कहा कि प्रदेश सरकार विभिन्न मोर्चों पर विफल रही है और जनता महंगाई व बेरोजगारी से जूझ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष जारी रखेंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करना होगा। उन्होंने संवैधानिक संस्थाओं को मजबूत बनाए रखने और जनता के अधिकारों की आवाज उठाने का संकल्प दोहराया। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष साकेत बिहारी शर्मा, विधानसभा प्रत्याशी प्रशांत परमार, प्रदेश सचिव अमित मुद्गल सहित कई नेताओं ने संबोधित करते हुए संगठन विस्तार और आगामी चुनावों की तैयारियों पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन संगठन महासचिव धनेश जैन ने किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान मोनू जादोन, नागेश कुशवाहा, दर्शन लाल, उमर फारूक, रघुवीर मीणा, रविंद्र परमार, शिबू लोधा, धर्मेंद्र दिनकर, विवेक शर्मा, बनवारी लाल जाटव सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## हीट वेव को लेकर संयुक्त निदेशक ने किया अस्पताल का दौरा



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** चिकित्सा विभाग के जयपुर स्थित निदेशालय से संयुक्त निदेशक डॉक्टर सुभाष खोलिया, चूरू से उप मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रवीण झुरिया ने चूरू लि में हीट वेव से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा राजकीय बगड़िया उप जिला अस्पताल पहुंचकर लिया। इस दौरान उन्होंने सभी वार्डो का निरीक्षण किया तथा वार्ड में की आईस पैक, सिनक, ओ आरएस कोर्नर आवश्यक मेडिसिन, जांच, विभिन्न उपकरणों की क्रियाशीलता आदि के बारे में जानकारी ली। पीएमओ एवं नर्सिंग अधीक्षक तथा वार्ड प्रभारी को निर्देश प्रदान किए गए कि हीट वेव को मध्यनजर रखते हुए अस्पताल में और अधिक समुचित व्यवस्थाएं समय पर करें तथा मरीजों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा नहीं होने दें।

## विधायक बुड़ानिया ने किया उप जिला अस्पताल का ओचक निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया ने रविवार को कस्बे के उप जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया जिसमें साफ-सफाई में अनियमितता पाई गयी और पीने के पानी की उचित व्यवस्था नहीं पाई गयी जिस पर विधायक बुड़ानिया ने नाराजगी जतायी। विधायक बुड़ानिया ने उपस्थित अधिकारियों एवं दूरभाष पर उच्च अधिकारियों से वार्ता कर सफाई व्यवस्था में सुधार एवं पीने के पानी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान विधायक बुड़ानिया ने अस्पताल परिसर में चल रही अन्नपूर्णा रसोई का भी निरीक्षण किया व खाने की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर शहर अध्यक्ष भागीरथ भामी, मुंशी खान तेली, शरीफ खान, कुंदन सैनी, बाबूहुसैन कुरैशी, बूंदे खाँ लुहार, दिनेश खंडेलवाल, अशरफ अली, कृष्ण फौजी, आशिफ चौहान, जयनारायण सहारण, गोविंद धालोड़, लीलाधर सहारण सहित काफी लोग मौजूद रहे।

## जयपुर में नीट-यूजी 2026 शांतिपूर्वक सम्पन्न, 97.72' अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

### 106 केंद्रों पर 36,508 परीक्षार्थी हुए शामिल, नकल का कोई मामला नहीं; कलेक्टर ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजधानी जयपुर में रविवार को नीट (यूजी) 2026 परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। परीक्षा का आयोजन जिला कलेक्टर संदेश नायक के निर्देशन और प्रशासन की सतत निगरानी में किया गया। सिटी कोऑर्डिनेटर महिपाल सिंह के अनुसार शहर के 106 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में कुल 36,508 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 851 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार कुल 97.72 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई, जो परीक्षा के सफल संचालन का संकेत है। परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे। जिला कलेक्टर संदेश नायक ने स्वयं विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट नरेंद्र कुमार वर्मा, पुलिस नोडल अधिकारी आलोक शर्मा सहित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की सक्रिय भूमिका रही। परीक्षा के सफल संचालन के लिए 40 ड्यूटी मजिस्ट्रेट, 6 सिटी कोऑर्डिनेटर और बड़ी संख्या में पुलिस व प्रशासनिक कार्मिक तैनात किए गए थे। विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा कि पूरे परीक्षा के दौरान किसी भी केंद्र पर नकल या अनुचित साधनों के उपयोग का कोई मामला सामने नहीं आया। सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण और निष्पक्ष वातावरण में सम्पन्न हुई। प्रशासन के सुदृढ़ प्रबंधन, सतर्क निगरानी और विभिन्न विभागों के बेहतर समन्वय के चलते यह महत्वपूर्ण परीक्षा बिना किसी व्यवधान के सफलतापूर्वक आयोजित की गई।

## महिला सुरक्षा में पुलिस-समाज समन्वय जरूरी, जागरूकता सेमिनार में छात्राओं को दी जानकारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान पुलिस की कम्युनिटी पुलिसिंग शाखा द्वारा महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शहर के एक महाविद्यालय में 'महिला सुरक्षा में कम्युनिटी पुलिसिंग की भूमिका' विषय पर जागरूकता सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को सुरक्षा उपायों, पुलिस की कार्यप्रणाली और तकनीकी साधनों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (कम्युनिटी पुलिसिंग) सुनीता मीणा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सजगता ही सुरक्षा की पहली सीढ़ी है। उन्होंने महिला हेल्पलाइन 112, 1090, सखी हेल्पलाइन 181 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी और विपरीत परिस्थितियों में तुरंत इन सेवाओं का सहारा लेने की सलाह दी। उन्होंने कालिका पेट्रोलिंग यूनिट और महिला बीट अधिकारियों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पुलिस और समाज के संयुक्त प्रयास से ही सुरक्षित वातावरण बनाया जा सकता है। साथ ही 'राजकॉप सिटीजन एप' को सुरक्षा के लिए उपयोगी बताते हुए इसके फीचर्स से छात्राओं को अवगत कराया। साइबर अपराधों पर चिंता जताते हुए उन्होंने सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी से बचाव और डिजिटल सतर्कता के व्यावहारिक उपाय भी साझा किए। उन्होंने कहा कि तकनीक का सही उपयोग सुरक्षा को मजबूत बना सकता है। कार्यक्रम की शुरुआत में महाविद्यालय के प्राचार्य ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए पुलिस की बदलती और जनसहभागी भूमिका की सराहना की। अंत में संयोजिका ने धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करते हैं।

# सतीश पूनिया की लोकप्रियता का ग्राफ बरकरार, पाली में भाजपाकार्यकर्ताओ एवम सर्वसमाज के लोगों ने किया भव्य स्वागत





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और हरियाणा भाजपा प्रभारी सतीश पूनिया की प्रदेश के भाजपाइयों में लोकप्रियता पहले की तरह ही बरकरार है, पुनिया भले ही विधानसभा चुनाव हार गए हो और प्रदेश में उनके पास कोई बड़ी जिम्मेदारी नहीं हो लेकिन राजस्थान भाजपा के छोटे बड़े सभी नेताओं में उनका सम्मान पहले की तुलना में ज्यादा नजर आ रहा है। इसकी झलक रविवार को उस समय देखने को मिली जब पूनिया प्रदेश के पाली जिले के पाली के धुंधला गांव में वीर तेजाजी महाराज प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए पहुंचे थे । समारोह स्थल पहुंचने से पहले पूनियां का कई जगहों पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवम सर्व समाज ने जोरदार स्वागत किया, कार्यकर्ताओं ने उन्हें अपने कंधों पर उठाया और काफी देर तक पूनिया के समर्थन में जोर-जोर से नारेबाजी करते रहे। अपने प्रति भारतीय जनता पार्टी के छोटे बड़े सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं का स्नेह देखकर पूनिया की आंखें नम हो गई और उन्होंने सभी पार्टीजनों का हाथ जोड़कर अभिनंदन स्वीकार किया, वैसे तो सतीश पूनिया यहां एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे लेकिन जैसे ही पाली जिला और आसपास के जिलों के भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं को यह जानकारी मिली कि सतीश पूनिया धुंधला गांव में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए हुए हैं तो वहां बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े नेता पहुंच गए और उन्होंने बड़े उत्साह और उमंग के साथ सतीश पूनिया का स्वागत किया। राजनीतिक विश्लेशको का कहना है कि प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष पद के रूप में सतीश पूनिया का कार्यकाल काफी ऐतिहासिक रहा हालांकि उनके कार्यकाल में कोरोना महामारी का एक लंबा समय भी बीता था लेकिन इस कोरोना महामारी के अवधि के दौरान भी उन्होंने जिस तरह से पार्टी के प्रबंधन को बहुत ही शानदार तरीके से संभाला और पार्टी की प्रबंधन को मजबूती देने के साथ-साथ कोरोना की अवधि में हर जाति और बिरादरी के लोगों की सेवा करने और उन्हें जरूरतमंद वस्तुएं उपलब्ध करवाने के लिए पार्टी के संगठन से जुड़े सभी छोटे-बड़े नेताओं को जिम्मेदारी दी उस सेवा भाव को प्रदेश के लोग अब भी नहीं भूल रहे क्योंकि सतीश पूनिया ने प्रदेश के सभी जिलों में पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं को साफ निर्देशित किया था कि वह अपने-अपने जिले में गांव-गांव जाकर जरूरतमंद लोगों को खाद्य सामग्री और कोरोना महामारी ट्रीटमेंट के लिए आवश्यक दवाइयां इत्यादि उपलब्ध करवाने में कोई कमी नहीं छोड़े। पूनिया के इस आदेश को पार्टी के संगठन से जुड़े छोटे-बड़े सभी नेताओं ने काफी गंभीरता से लिया, भले ही उस समय कांग्रेस पार्टी की सरकार थी लेकिन भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं ने जरूरतमंद लोगों की सहायता करने में अग्रणी भूमिका निभाई इसलिए सतीश पूनिया का पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद का कार्यकाल इस बात के लिए भी हमेशा याद रखा जाता है कि उन्होंने जिस तरह से कोरोना जैसी विकट परिस्थिति में भी पार्टी के संगठन को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ प्रदेश भर के लोगों की सेवा की उस सेवा भाव का लाभ भारतीय जनता पार्टी को वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में भी मिला जब प्रदेश की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को सरकार बनाने का अवसर दिया इसलिए प्रदेश भाजपा के एक बेस्ट कैप्टन के रूप में सतीश पूनिया का नाम प्रदेश भाजपा कार्यालय में दर्ज हो गया। यही वजह है कि आज भी भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े छोटे-बड़े सभी नेता सतीश पूनिया को काफी इज्जत और सम्मान देते हैं इसका नजारा रविवार को पाली जिले में भी देखने को मिला जब पाली और आसपास के जिलों के लोग सतीश पूनिया का स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में आए राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि एक कुशल संगठक नेता के रूप में भारतीय जनता पार्टी का दिल्ली दरबार भी सतीश पूनिया की योग्यता और उनके राजनीतिक कुशलता को अच्छी तरह से जानता है यही वजह है कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा उन्हें कठिन से कठिन स्टेट में पार्टी के लिए कार्य करने की जिम्मेदारी अब सकती है जिसमें सतीश पूनिया ने अपने उत्कृष्ट कार्यों और रणनीतिक निर्णय से पार्टी को सफलता भी दिलाई जिसमें हरियाणा सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को भी जीत मिलना भी शामिल है अन्यथा इस बार हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की जीत के रास्ते काफी कठिन थे मीडिया में भी चर्चा थी कि हरियाणा में इस बार भाजपा दोबारा से सरकार नहीं बन पाएगी लेकिन सतीश पूनिया ने कुशल रणनीति के माध्यम से हरियाणा में पार्टी की जीत को सुनिश्चित करने में बड़ी भूमिका निभाई इसलिए प्रदेश भाजपा के संगठन से जुड़े नेता भी जानते हैं कि आने वाले दिनों में भाजपा में सतीश पूनिया का कद और बढ़ेगा ।

## जिला स्तरीय तलवारबाजी चैम्पियनशिप में जिया राठौड़ व सिद्धि राठौड़ ने स्वर्ण पदक जीता




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय पर नवांकुर शिशु अकादनी सी. सै. स्कूल प्रांगण में प्रथम राज्य स्तरीय तलवार बाजी चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इसकिरअध्यक्षता जिला तलवार संघ के अध्यक्ष डॉ कादिर हुसैन ने की। मुख्य अतिथि जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रिटायर्ड नियाज मोहम्मद खान रहे। शिक्षाविद मोहम्मद हमिद खान, स्कूल डायरेक्टर रमजान खान अतिथि रहे। कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ की ओर से फूल माला व साफा बांधकर अतिथियों का स्वागत किया गया। कोच रविंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि यह तलवारबाजी चूरू जिले की प्रथम तलवारबाजी का कार्यकरम है जिसमें दो बहनो ने स्वर्ण पदक जीता है और ज़िले का नाम रोशन किया है। जिया राठौड़ जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता रही है। छोटी बहन सिद्दी राठौड ने सब. जूनियर वर्ग सेबर में स्वर्ण पदक हासिल किया। जिया व सिदि राठौड़ चूरू जिले के राजगढ तहसील के छोटे से गांव ठिभाऊ बड़ी की निवासी है। दोनो बहनो ने राष्ट्रीय पदक स्तर पर भी भाग लेकर तीनों कैटेगरी में गोल्ड मेडल हासिल किया है और अपने जिले व गाव ठिभाऊ का नाम रोशन किया है। 31 वा राज्यस्तर पर अजमेर में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। आयोजक रमजान खान ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रिंसिपल नेहा सोनी ने किया।

## सुप्रीम फाउंडेशन के ट्रस्टी तापड़िया व समन्वयक का सम्मान



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** स्थानीय पंचायत समिति सभागार में रविवार को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार व्यास की अध्यक्षता में सुप्रीम फाउंडेशन जसवंतगढ़ के मुख्य ट्रस्टी महावीर प्रसाद तापड़िया व समन्वयक कमल बाबू का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर रतनगढ़ क्षेत्र की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के संस्था प्रधानों की उपस्थिति में अतिथियों का साफा व दुपट्टा पहनाकर और अभिनंदन पत्र भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सीबीईओ संदीप कुमार व्यास ने सुप्रीम फाउंडेशन की ओर से पूर्व में लगाए गए स्वयंसेवक शिक्षकों के परीक्षा परिणामों की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि इन स्वयंसेवकों ने विद्यालयों की शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ परीक्षा परिणामों में सुधार और नामांकन वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। साथ ही उन्होंने विभिन्न विद्यालयों में और अधिक स्वयंसेवक शिक्षकों की आवश्यकता जताते हुए ट्रस्ट से सहयोग जारी रखने का आग्रह किया। इस अवसर पर सुप्रीम फाउंडेशन के समन्वयक श्याम बाबू ने जानकारी दी कि ग्रीष्मावकाश के दौरान रेमेडियल कक्षाओं के संचालन के लिए इच्छुक संस्था प्रधान, सीबीईओ रतनगढ़ के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं, ताकि विद्यार्थियों को अतिरिक्त शैक्षणिक सहयोग मिल सके। कार्यक्रम में प्राचार्य सुरेश कुमार शर्मा, जगदीश प्रसाद शर्मा, विक्रम सिंह चौहान, कन्हैया लाल शर्मा, विनोद कुमार जांगिड़, पंकज कुमार, भानुप्रकाश इन्दौरिया, मनफूल खरडिया, हिमांशु नाथोलिया, सूरज शास्त्री, भोपाल सिंह सहित कई शिक्षाविद् व संस्था प्रधान उपस्थित रहे।

## विषम परिस्थितियों में भी आपूर्ति सुचारु करने के लिए डटे रहे विद्युत कार्मिक



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निस)** जयपुर विद्युत वितरण निगम के विभिन्न सर्किलों में शनिवार शाम को तेज अंधड़ एवं वर्षा के कारण विद्युत तंत्र को क्षति पहुंची। कई स्थानों पर पेड़ की डालियां एवं हॉर्डिंग्स आदि टूट कर विद्युत तारों एवं कंडक्टर पर जा गिरे, जिससे विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई। निगम के अभियंता एवं फॉल्ट रेक्टिफिकेशन टीम आपूर्ति में व्यवधान को दूर करने के लिए तत्परता से जुट गए। अधिकतर इलाकों में रात को ही सप्लाई बहाल कर दी गई थी। तूफान के तुरंत बाद निदेशक (तकनीकी) श्री आरके शर्मा जयपुर डिस्कॉम के राममंदिर स्थित केन्द्रीकृत कॉल सेंटर पहुंचे और वहां उपभोक्ताओं की 'नो करेंट' संबंधी समस्याओं के तत्काल निराकरण की मॉनीटरिंग में जुट गए। डिस्कॉम्स चेयरमैन सुश्री आरती डोगरा भी रात करीब 11.30 बजे कॉल सेंटर पहुंच गई और देर रात करीब 1 बजे तक कॉल सेंटर से ही सभी अभियंताओं एवं फील्ड में विद्युत आपूर्ति को बहाल करने के लिए किए जा रहे प्रयासों का जायजा लिया। जयपुर के चारों सर्किलों में अधिशासी अभियंता एवं सहायक अभियंता विद्युत आपूर्ति सुचारू करने के प्रयासों में जुटे रहे। तूफान से अधिक प्रभावित जयपुर जिला सर्किल के चौमू, जोबनेर, दूदू, हाथोज, हरमाडा, जमवारामगढ़ क्षेत्र तथा जयपुर शहर के वैशालीनगर, मुरलीपुरा, विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र, जगतपुरा, सीकर रोड स्थित अधिकतर कॉलोनियों में रात्रि को ही सप्लाई सुचारू कर दी गई थी। तूफान से जयपुर जिला उत्तर एवं जयपुर जिला दक्षिण सर्किल में 333 वितरण ट्रांसफार्मरों तथा 1552 विद्युत खंभों को नुकसान पहुंचा, जिनमें से 239 ट्रांसफार्मरों तथा 1295 पोल को रविवार दोपहर तक दुरूस्त कर लिया गया था। इसी तरह 11 केवी के 423 फीडरों तथा 33 केवी के 12 फीडरों से विद्युत आपूर्ति में व्यवधान आया

## स्पीकर डॉ. देवनानी ने विधान सभा के 52 कर्मियों को दी पदोन्नति

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं)** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. वासुदेव देवनानी ने विधानसभा सचिवालय के 52 अधिकारियों और कर्मचारियों को पदोन्नति दी है। देवनानी के निर्देशानुसार विधानसभा सचिवालय द्वारा बुद्ध पूर्णिमा के दिन जारी किए आदेशों में छः उप सचिव, सात सहायक सचिव, 8 अनुभाग अधिकारी, चार सहायक अनुभाग अधिकारी, दो क्लर्क ग्रेड प्रथम, आठ क्लर्क ग्रेड द्वितीय, बारह जमादार और एक-एक पद पर संपादक, सहायक संपादक, पुस्तकालयाधिकारी, उप पुस्तकालयाध्यक्ष व विधि रचना अधिकारी बनाए गए हैं। स्पीकर देवनानी ने 20 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पदोन्नत किया है। इस निर्णय से विधान सभा के कार्मिकों में खुशी की लहर है। अधिकारियों और कर्मचारियों में उत्साह एवं नई ऊर्जा का संचार हुआ है। स्पीकर डॉ. देवनानी का विधानसभा के अधिकारियों और कर्मचारियों ने आभार जताया है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पदोन्नति केवल पद में वृद्धि नहीं, बल्कि कर्तव्य, जिम्मेदारी और जनसेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने सभी पदोन्नत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा व्यक्त की कि वे अपनी नई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं दक्षता के साथ करेंगे। उल्लेखनीय है कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. देवनानी ने इससे पहले भी स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त, 2024 को 47 और दीपावली पर्व पर 13 अक्टूबर, 2025 को 22 अधिकारियों व कर्मचारियों को भी पदोन्नति दी थी। स्पीकर श्री देवनानी ने गत दो वर्षों में राजस्थान विधानसभा के 121 अधिकारियों और कर्मचारियों को पदोन्नत किया है। विधानसभा के अधिकारियों ने बताया कि कदाचित विधान सभा के इतिहास में यह पहला अवसर है, जब विधान सभा कर्मियों को मई माह में ही पदोन्नति का लाभ मिल गया है। इस बार की पदोन्नति में सबसे अधिक लाभ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को मिला है, जिन्हें अनेक वर्षों से अपनी पदोन्नति का इंतजार था। स्पीकर डॉ. देवनानी को जब पता चला कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति बहुत समय से लंबित चल रही है, तो उन्होंने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति प्रक्रिया को त्वरित गति से पूरा करवाया।

## विश्व हास्य दिवस पर गांधी वाटिका में गूंजा ठहाकों का महोत्सव, 'हंसी के धुरंधर' टीम रही विजेता

### योगापीस संस्थान के आयोजन में सैकड़ों लोगों ने लिया हिस्सा, विजेताओं को मिले हजारों के नकद पुरस्कार




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** विश्व हास्य दिवस के अवसर पर रविवार को सेंट्रल पार्क स्थित गांधी वाटिका में योगापीस संस्थान द्वारा अंतरराष्ट्रीय हास्य महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहरभर से आए प्रतिभागियों और दर्शकों ने ठहाकों के बीच दिनभर हास्य का आनंद लिया। महोत्सव का शुभारंभ महर्षि पतंजलि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा, विशिष्ट अतिथि पुरातत्व विभाग के अधीक्षक नीरज कुमार त्रिपाठी सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। आयोजक योगापीस संस्थान के संस्थापक योगाचार्य ढाकाराम ने कहा कि वर्तमान समय में तनाव, अवसाद और भागदौड़ भरी जिंदगी के बीच हंसी का महत्व और भी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि मुस्कान न केवल मानसिक तनाव को दूर करती है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। महोत्सव का मुख्य आकर्षण हास्य प्रतियोगिता रही, जिसमें विभिन्न टीमों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को लोटपोट कर दिया। प्रतियोगिता में 'हंसी के धुरंधर' टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 21 हजार का पुरस्कार जीता। द्वितीय स्थान 'लाफिंग वायरस' टीम को 11 हजार तथा तृतीय स्थान 'हंसी के रसगुल्ले' (पूनम फाउंडेशन) टीम को 5100 का नकद पुरस्कार दिया गया। विजेताओं का चयन जजमेंट कमेटी द्वारा किया गया, जिसमें अर्चना त्यागी, ललित मैदान, सुरेंद्र शर्मा और अरुण जोशी शामिल रहे। पुरस्कार वितरण पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, सौम्या गुर्जर, क्रीड़ा भारती के प्रदेश संयोजक मेघ सिंह चौहान और भारती अटल सेवा के अध्यक्ष विष्णु सिंह जादौन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन योगी अरविंद सेजवान और योगी आशीष कोठारी ने किया। महोत्सव में बच्चों, महिलाओं और युवाओं की विशेष भागीदारी रही। कई प्रतिभागी आकर्षक वेशभूषा में पहुंचे और समूहों में गाते-नाचते हुए कार्यक्रम स्थल तक आए, जिससे पूरा माहौल उत्साह और उमंग से भर गया। दिनभर चले इस आयोजन में हंसी और खुशियों की बौछार के बीच लोगों ने तनावमुक्त जीवन का संदेश भी ग्रहण किया।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।